मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# 19 को आधे घंटे बंद रहेगा रामलला का दर्शन

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना


राम मंदिर में विराजमान श्रीरामलला, आरती करते पुजारी। अमृत विचार


राम मंदिर में दर्शन पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

- 11:30 से 12 बजे के बीच करेंगी दर्शन-पूजन
- दोपहर 12 से एक बजे तक रोज की तरह भोग व विश्राम के लिए बंद रहेगा कपाट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन के दौरान आधे घंटे पहले राम मंदिर में आम श्रद्धालुओं का दर्शन पूजन बंद रहेगा। दोपहर 12 से एक बजे तक रोज की तरह भोग व विश्राम के लिए कपाट बंद रहने के बाद पुनः दर्शन पूजन प्रारंभ हो जाएगा। राष्ट्रपति 19 मार्च को अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे राष्ट्रपति वैदिक आचार्यों के वेद मंत्रोच्चारण के बीच श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी। उनके मंदिर पहुंचने के पूर्व करीब 11:30 बजे मंदिर में आम श्रद्धालुओं का प्रवेश रोक दिया जाएगा। 11:30 से 12 बजे तक राष्ट्रपति रामलला का दर्शन-पूजन कर आरती उतारेंगी। इसके बाद राम दरबार में भी दर्शन-पूजन करेंगी। वहीं द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र स्थापना अनुष्ठान कार्यक्रम में लगभग एक घंटे मौजूद रहेंगी। जिसके बाद परिसर स्थित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगी। इस दिन 11:30 से दोपहर एक बजे तक के समय को छोड़ अन्य समय आम श्रद्धालु दर्शन पूजन कर सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र टस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य व कार्यक्रम के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना का समारोह केरल के अमृतानंदमयी अम्मा, आरएसएस व विहिप के केंद्रीय पदाधिकारी की मौजूदगी में संपन्न होगा।

**दो तरह के पास होंगे जारी:** राममंदिर परिसर में 19 मार्च को आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से आने वाले 3000 लोग और मंदिर निर्माण कार्य से जुड़े लगभग 2000 वर्करों को आमंत्रित किया गया है। इन सभी को दो तरह के पास जारी किए जाएंगे। राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना के बाद राष्ट्रपति इनको संबोधित करेंगी।

### 535 बाहरी दुकानदार चिह्नित, हो रहा सत्यापन

**अयोध्या, अमृत विचार :** सुरक्षा की दृष्टि से अयोध्या कोतवाली पुलिस ने रामपथ पर फेरी व रेहड़ी फड़ी लगाकर व्यापार करने वाले 535 दुकानदारों को चिह्नित किया है। उनके पहचान पत्र के आधार पर संबंधित थाना क्षेत्र से उनके संबंध में जानकारी मांगी गई है। रिपोर्ट आने पर स्वच्छ छवि वाले लोगों को ही व्यापार करने की अनुमति दी जाएगी। यहीं नहीं शहर के सभी होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला, होम स्टे आदि को भी नए सिरे से सूचीबद्ध किया गया है। इन सभी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना पहचान किसी को भी अपने यहां न ठहराएं। साथ ही संबंधित चौकी प्रभारियों को रोजाना इनका निरीक्षण कर जांच करने के भी निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि बाहरी दुकानदारों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। सभी रिपोर्ट आने के बाद इन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा।

# रामनवमी से परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में कर सकेंगे दर्शन-पूजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनवमी से राम जन्मभूमि के संपूर्ण परिसर में दर्शन के लिए ट्रस्ट हर दिन 5000 भक्तों को पास जारी करने की तैयारी में है। पास सुरक्षा कोड युक्त होगा। इसकी जांच के बाद ही परिसर के अलग-अलग स्थान पर जाने की अनुमति होगी। इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने विशेष सॉफ्टवेयर को तैयार कराया है। इस पास के तहत श्रद्धालु भूतल में विराजमान रामलला, प्रथम तल पर राम दरबार में दर्शन होने के बाद परकोटा कॉरिडोर और उसमें स्थापित भगवान गणेश, हनुमानजी, भगवान सूर्य, माता भगवती, मां अन्नपूर्णा देवी, भगवान शिव के मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद बाहर बने शेषावतार मंदिर के अलावा महर्षि अगस्त्य, महर्षि बाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वशिष्ठ, शबरी, निषादराज व अहिल्या देवी के बाद अंत में कुबेर टीला पर कुबेश्वर महादेव, जटायु और अंगद टीला पर गिलहरी की प्रतिमा को देखने का अवसर प्राप्त होगा।

गोपाल जी राव के मुताबिक रामनवमी से सभी मंदिरों में दर्शन शुरू करने का प्रयास चल रहा है। इसके लिए रोजाना 5000 ऑनलाइन पास जारी करने की तैयारी की जा रही है।

# अयोध्या धाम में लगेंगे आधुनिक डस्टबिन

- 16 प्रमुख नालियों और नालों पर लगेंगी लोहे की जालियां

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या धाम को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम की ओर से आधुनिक व्यवस्थाएं शुरू की जा रही हैं। इसी क्रम में शहर में आधुनिक डस्टबिन लगाए जाएंगे और नालियों-नालों की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष जालियां भी लगाई जाएंगी।

स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पहले चरण में 30 स्थायी डस्टबिन लगाए जाएंगे। इन डस्टबिनों की खास बात यह होगी कि इनमें अंदर अलग से डिब्बे रखे जाएंगे। जिन्हें समय-समय पर खाली किया जाएगा। इससे कूड़ा इधर-उधर फैलने की समस्या कम होगी और सफाई व्यवस्था अधिक व्यवस्थित तरीके से संचालित की जा सकेगी। इसके साथ ही 16 प्रमुख नालियों और नालों पर लोहे की जालियां लगाने की योजना भी बनाई गई है। ये जालियां नालों और नालियों के शुरुआती तथा अंतिम छोर पर लगाई जाएंगी। जिससे प्लास्टिक, पॉलिथीन और अन्य ठोस कचरा नालों में जाकर रुकावट न पैदा कर सके। जालियों में फंसे कचरे को सफाई कर्मी आसानी से निकाल सकेंगे। जिससे जल निकासी व्यवस्था भी सुचारु बनी रहेगी।


नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार। अमृत विचार

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि अयोध्या धाम में लगातार बढ़ रहे श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करना जरूरी हो गया है ताकि यहां आने वाले भक्त को किसी भी प्रकार से कठिनाइयों के दौर से गुजरना नहीं पड़े और उन्हें सुविधा का पूरा-पूरा लाभ भी मिल सके। किसी इसी को ध्यान में रखते हुए यह पहल की जा रही है, ताकि शहर को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाया जा सके। इस परियोजना को 15वें वित्त आयोग से स्वीकृति मिल चुकी है। पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 20 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले चरण में 30 डस्टबिन लगाए जाएंगे और आवश्यकता के अनुसार आगे और भी डस्टबिन स्थापित किए जाएंगे। इस पहल से न केवल शहर की स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि कूड़ा प्रबंधन और जल निकासी व्यवस्था भी पहले से अधिक बेहतर हो सकेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय जूनियर सेपक टाकरा प्रतियोगिता 21 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** उप्र खेल निदेशालय के निर्देशन में जिला स्तरीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित होगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि पहले यह प्रतियोगिता 18 मार्च को होनी थी और अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई थी। प्रतियोगिता में जिला स्तरीय बालक व बालिका टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता की विजेता व टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। खिलाडियों को अपने आधार कार्ड की छाया प्रति साथ लाना अनिवार्य है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार वृद्धा की मौत

**मसौधा, अयोध्या :** थाना महाराजगंज के मया बाजार के निकट सोमवार दोपहर बैटरी रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पलियारिसाली गांव निवासिनी बाइक सवार श्याम कली(60) व बाइक चालक उसका बेटा विश्राम वर्मा घायल हो गए। महाराजगंज पुलिस ने दोनों को मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने श्याम कली को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### गड्ढे में बाइक पलटने से महिला घायल

**बीकापुर, अयोध्या :** बीकापुर जाना बाजार मार्ग पर दराबगंज बाजार में अनियंत्रित होकर गड्ढे में बाइक पलट जाने से पीछे बैठी तारुन थाना क्षेत्र के रामपुर भगन निवासी सुनीता(30) पत्नी प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शंकराचार्य के प्रतिनिधि ने मांगा समर्थन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गौ संरक्षण और राज्य माता का दर्जा दिलाने के लिए शंकराचार्य स्वामी अविमुकतेश्वरानन्द के 11 मार्च को लखनऊ में प्रस्तावित कार्यक्रम में अयोध्या के संतों की भी भागीदारी हो। इसके लिए संतों से समर्थन देने का आह्वान करने शंकराचार्य के विशेष प्रतिनिधि देवेंद्र पाण्डेय ने सोमवार को परिक्रमा मार्ग स्थित कंचन भवन में हिंदू संगठन के लोगों से मुलाकात की।


कंचन भवन मंदिर में हिंदूवादी नेता संतोष दुबे से मुलाकात करते शंकराचार्य के प्रतिनिधि देवेंद्र पाण्डेय।

उन्होंने कहा कि वह धर्म की रक्षा के लिए आवाज उठा रहे हैं। आज भी एक अभियान चल रहा है। वह सरकारें जो भगवा वेश में होते हुए भी मंदिरों का, धर्म का विनाश कर रही हैं। गाय की हत्या करवा रही हैं। उनके खिलाफ प्रमाण के आधार पर आंदोलन शुरू किया है। शंकराचार्य जी चाह रहे हैं कि भगवा वेश धारण करके लोग अपने आपको सनातनी और हिंदू कहते है। उनकी परिभाषा स्पष्ट होना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनका हम बड़ा सम्मान करते है, लेकिन जिस तरह उन्होंने कहा है कि मुनि के वेश में निशाचर व कालनेमी घूम रहे है, उससे कष्ट हुआ। कहा कि 11 मार्च को यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि असली- नकली सनातनी कौन है। उन्होंने संत समाज से विनती करते हुए कहा कि सनातन की रक्षा हो। गौ और गंगा को बचाना चाहिए, संत की परंपरा बची रहे, संन्यासियों के दंड न छीना जाए, बटुकों की चोटियां न उखाड़ी जाएं, शंकराचार्य परंपरा का अपमान न हो, मठ मंदिर ध्वस्त न हो। इसके लिए आंदोलन का समर्थन देना चाहिए।

## दवा एजेंसी कैपवेल की छत पर चढ़ा युवक कर्मियों ने पुलिस को सौंपा

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के फतेहगंज चौकी अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज के सामने स्थित दवा एजेंसी कैपवेल के कार्यालय की छत पर चढ़े युवक को एजेंसी के कर्मियों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। एजेंसी के कर्मी शुभम श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार दोपहर सीसीटीवी स्क्रीन पर छत पर एक युवक दिखाई पड़ा। वह छत के रास्ते कार्यालय में घुसने की कोशिश कर रहा था। लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए युवक को मौके पर ही पकड़ लिया और इसकी जानकारी नगर कोतवाली पुलिस को दी। चौकी प्रभारी रिकाबगंज रघुबीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे व युवक को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गए। चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी की पहचान फतेहगंज के लालबाग हाता के रहने वाले शनि के रूप में हुई। उसकी मां ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। बताया कि इस संदर्भ में दवा एजेंसी की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### लेफ्टिनेंट आनंद का किया सम्मान


एयरपोर्ट में लेफ्टिनेंट आनंद प्रकाश पांडेय को सम्मानित करते अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष प्रकाश पाठक ने मंगलवार को लेफ्टिनेंट आनंद प्रकाश पांडे को अयोध्या एयरपोर्ट पर सम्मानित किया। आनंद अयोध्या के मूल निवासी हैं। नियावां में उनका मकान है। ओटीए चेन्नई से पास आउट होने के बाद मंगलवार को वह सपरिवार श्री वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पर उतरे। बाहर जिलाध्यक्ष के साथ सचिव कैप्टन अमरजीत सिंह, हवलदार राणा सिंह, हवलदार मनोज कुमार यादव, कैप्टन जेपी द्विवेदी सहित अनेक पूर्व सैनिकों ने उनको माला पहना, पुष्पवर्षा कर, अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत सम्मान किया। मिठाई खिला करके मुंह मीठा कराया।

### बदल सकता हैरिंग्टनगंज का नाम


लखनऊ में सीएम से मुलाकात करते मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उनके समक्ष रखा। उन्होंने हैरिंग्टनगंज का नाम बदलकर स्वामी वामदेव के नाम पर या विष्णु नगर करने की मांग की। अनुरोध पत्र सौंपा। विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि विधानसभा उपचुनाव में 24 जनवरी 2025 को हैरिंग्टनगंज में आयोजित जनसभा में सीएम ने हैरिंग्टनगंज का नाम बदलने की घोषणा की गई थी। स्थानीय जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अब इस घोषणा को अमल में लाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने विधायक से क्षेत्रीय विकास कार्यों की जानकारी ली। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और पात्रों तक उनका सरकारी योजनाओं को पहुंचाने के निर्देश दिया।

### प्री-पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्री-पीएचडी कोर्स वर्क सत्र 2023-24 की परीक्षा नवीन परिसर स्थित तुलसी भवन में सोमवार को शुरू हुई। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि पहले दिन दो पालियों में 27 विषयों की परीक्षा हुई। इसमें 225 परीक्षार्थियों में तीन अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स प्रश्न पत्र व द्वितीय पाली में कंप्यूटर एप्लीकेशन प्रश्न पत्र की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मंगलवार को कोर्स वर्क के तृतीय प्रश्न पत्र की परीक्षा प्रथम पाली में होगी। प्री पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा के समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने बताया कि पारदर्शी व शुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए केंद्र पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। इस केंद्र पर परीक्षा से संबंधित अफसरों ने निरीक्षण किया और परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।


रौनाही थाना परिसर में सीओ सदर से बातचीत करते करणी सेना के पदाधिकारी।

### करणी सेना ने घेरा रौनाही थाना

**सोहावल, अयोध्या :** रौनाही थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट को लेकर दर्ज मुकदमें के मामले में सोमवार को करणी सेना ने रौनाही थाने का घेराव किया। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सनी सिंह के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी के टेलीफोनिक वार्ता के दौरान कथित दुर्व्यवहार पर नाराजगी जताई, कार्रवाई की मांग की। मामला होली के त्यौहार पर दिल्ली स्थिति उत्तम नगर मे एक गैर समुदाय से दलित परिवार पर हमले में हत्या पर उठे विवाद का मामला सोशल मीडिया पर बयानबाजी का है। रौनाही थाना क्षेत्र लखौरी के रहने वाले एक व्यक्ति ने इस पर टिप्पणी की। इसी मामले में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष की तहरीर पर कार्यवाहक थाना प्रभारी अब्दुल रहमान ने लखौरी के रहने वाले व्यक्ति के खिलाफ आईटी की धाराओं के बदले दूसरी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दिया। इसकी भनक करणी सेना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शनि सिंह को हुई तो उन्होंने कार्यवाहक प्रभारी से आईटी एक्ट के बदले दूसरी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने पर विरोध करते हुए फोन पर वार्ता की। आरोप है कि इसी दौरान कार्यवाहक प्रभारी अब्दुल रहमान ने उनसे दुर्व्यवहार करते हुए कहा कि वह किसी करणी सेना को नहीं जानते। इस बात को लेकर संगठन के पदाधिकारियों में नाराजगी फैल गई। घेराव के दौरान थाने में मौजूद सीओ सदर अरविंद कुमार सोनकर और अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ संगठन के पदाधिकारियों की वार्ता हुई। सीओ सदर अरविंद कुमार सोनकर ने मामले की जाँच पड़ताल कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## 97 गौशालाओं में 14 हजार 800 गोवंश संरक्षित

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** जिले में कुल 97 गौशालाओं में वर्तमान में 14,800 गोवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. इन्द्र देव ने कहा कि इनमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 87 गौशालाएं संचालित हो रही हैं, जबकि शहरी क्षेत्र में 10 गौशालाएं हैं। इन गौशालाओं में चारा, पानी, स्वच्छता और चिकित्सा जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखी गई हैं, जिससे निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित आश्रय मिल रहा है। शहरी क्षेत्र की सबसे बड़ी गौशाला कान्हा गौशाला है, जिसमें 4000 गोवंशों की क्षमता है। प्रशासन द्वारा गौशालाओं में आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है, जैसे कि सीसीटीवी निगरानी, जिससे 24 घंटे व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा सकती है। मॉनिटरिंग के लिए विकास भवन में सेल बना है।

# मेडिकल कॉलेज में टीबी मरीज से धोखा

**अयोध्या कार्यालय:** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में टीबी मरीजों को बाहरी दवाएं लिखे जाने का मामला सामने आया है। मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद डॉक्टर उन्हें निजी मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएं खरीदने के लिए कह रहे हैं। तरह-तरह की खबरों के साथ दवाओं का पर्चा भी वायरल हुआ है। पर्चे पर डॉ. एसके वर्मा की मुहर भी लगी हुई है। अमृत विचार वायरल तथ्यों की पुष्टि नहीं करता है। सरकार की ओर से टीबी मरीजों को मुफ्त उपचार और प्रतिमाह 500 रुपये की आर्थिक सहायता देने की व्यवस्था है, लेकिन इसके बावजूद मरीजों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। अंबेडकरनगर के केदारनाथ अग्रहरी ने बताया कि जांच के बाद उन्हें करीब 450 रुपये की दवा बाहर से खरीदनी पड़ी।


वायरल सरकारी पर्चे लिखीं बाहर की दवाएं।

गोंडा के सुजीत कुमार को लगभग एक हजार रुपये की तीन दवाएं लेनी पड़ीं। पूरा बाजार निवासी राज नारायण ने भी 650 रुपये की दवा बाहर से खरीदने की बात कही। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। जांच कराई जाएगी। दोषी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### जमीन बेचने के नाम पर ऐंठे 30 लाख रुपये, तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** जमीन बेचने के नाम पर 30 लाख रुपये ऐंठने के आरोप में कोतवाली नगर पुलिस ने तीन पर केस दर्ज किया है। पीड़ित मो. जुनेद निवासी नियावां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने कंधारी बाजार निवासी विनय प्रकाश श्रीवास्तव, क्षितिज प्रकाश श्रीवास्तव व प्रतीक श्रीवास्तव से एक जमीन का सौदा 34 लाख में किया। रुपये देने के बाद आरोपियों ने क्षितिज प्रकाश श्रीवास्तव का फर्जी आधार कार्ड लगाकर स्टांप पर लिखा पढ़ी करा दी। बाद में जमीन कब्जे के नाम पर सभी टाल मटोल करने लगे। जब मैंने पता किया तो जानकारी हुई कि जमीन उनकी नहीं व स्टांप पर लगा आधार कार्ड भी फर्जी है। इसकी शिकायत पुलिस से करने पर 18 जुलाई 2025 को रिकाबगंज चौकी पुलिस के समक्ष 2.95 लाख रुपये दिया व 10 लाख का चेक दिया। यह चेक न 90 दिन में तीन बार बाउंस हो गया। अब रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर विनय, क्षितिज व प्रतीक के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar, Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## न्यूज ब्रीफ

### श्याम बाबा की निकाली निशान यात्रा

रुदौली, अयोध्या : विनायक परिवार की मखदूमजादा से निकली भव्य श्याम बाबा की निशान यात्रा शहर के कायस्थना, मलिकजादा, पूरे मालिक नयागंज, मंगलबाजार, पूरे जामी होते से सालार पर समाप्त हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारी।

### घटिया सामग्री लगाने का लगाया आरोप

रुदौली, अयोध्या : मां कामाख्या धाम नगर पंचायत के वार्ड से सैमसी में बन रहे अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्य में मानक विहीन निर्माण सामग्री लगाने का आरोप लगा है। वार्ड निवासी सत्यम चौरसिया, गुड्डू मिश्रा, अंशुमान सिंह और बिंदु सिंह ने फाउंडेशन में डीपीसी न डाले जाने और पीली ईंट का प्रयोग किया जाने का आरोप लगाया है। वार्ड सभासद जितेंद्र सिंह ने बताया कि ठेकेदार समर बहादुर सिंह से घटिया सामग्री उपयोग करने पर आपत्ति जताई है। इस संबंध में नगर अध्यक्ष शीतल प्रसाद शुक्ला व ईओ निखिलेश मिश्रा से दूरभाष पर संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन दोनों ने फोन नहीं उठाया।

### फरार आरोपी पर 25 हजार का इनाम

अयोध्या, अमृत विचार : एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने थाना रामजन्मभूमि में 14 जनवरी 2026 को दर्ज धोखाधड़ी के एक केस में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार का पुरस्कार घोषित किया है। आरोपी गणेश दास साहू रामजानकी मंदिर के बगल सुग्रीव किला रामकोट थाना रामजन्मभूमि के खिलाफ इंद्रेश्वर दास निवासी राम जानकी मंदिर के फर्जी दस्तावेज के आधार पर सरवराहकारी दर्ज करा मंदिर हड़पने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया था।

# योगी सरकार में बेसिक विद्यालयों को मिलीं मूलभूत सुविधाएं : संदीप

## बेसिक शिक्षा मंत्री ने किया राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन



राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करते बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, विधायक चंद्रभानु पासवान। अमृत विचार



डाभासेमर स्टेडियम में मार्च पास्ट करते बच्चे। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पूर्ववर्ती सरकारों में बेसिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। लेकिन योगी सरकार में विद्यालय चमक रहे हैं। प्रदेश के सभी विद्यालय मूलभूत सुविधाओं से संपन्न हो चुके हैं। परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक हर योग्यता में प्राइवेट विद्यालयों से बेहतर कार्य कर रहे हैं। जिसका परिणाम है कि बच्चे शिक्षा के साथ ही खेल में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। ये बातें सोमवार को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहीं। वह डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर क्रीड़ा संकुल में आयोजित तीन दिवसीय 36 वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता खेलो तो खिलोगे का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि खेलों में प्रतिभाग करने से बच्चे अपनी क्षमता को आगे ले जाने के जज्बे के साथ ही टीम व प्रतिस्पर्धा की भावना के विकास, और नवीन चुनौतियों का सामना करने के साथ बाधा पार करते हुए विजय प्राप्त करना सीखते हैं। खेल शारीरिक विकास के साथ चरित्र निर्माण करता है और सीखने समझने की क्षमता बढ़ाता है। इससे जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा सरकार की योजनाओं से ग्रामीण अंचल से निकलकर बच्चे ब्लॉक, जिला मंडल व प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करते है, जो बच्चों को अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है। मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि योगी सरकार में खेलों को बढ़ावा मिला है और बच्चे निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, विशिष्ट अतिथि रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव, मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हवा में रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर समारोह का उद्घाटन किया। विद्यालयों के बच्चों ने स्वागत गीत के साथ अतिथियों का अभिनन्दन किया। मैदान पर हुई आतिशबाजी ने समारोह में चार चांद लगा दिए। एडी बेसिक कौस्तुभ कुमार सिंह बीएसए लालचंद ने अतिथियों का बैज लगाकर कर स्वागत किया और श्रीराम मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रदेश के सभी मंडलों की टीमों ने मार्च पास्ट किया और मुख्य अतिथि सलामी ली। सुल्तानपुर की अनुश्री ने सभी टीमों को शपथ दिलाई और मशाल दौड़ के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, देवीपाटन एडी बेसिक रमापति राम त्रिपाठी, झांसी एडी बेसिक संतोष देव पांडेय, गोरखपुर एडी बेसिक संगीता सिंह, अयोध्या बीएसए लालचंद, अमेठी बीएसए संजय तिवारी, बाराबंकी बीएसए नवीन पाठक, आंबेडकरनगर बीएसए शैलेष पटेल आदि मौजूद रहे।

### 400 मीटर दौड़ में विदुषी, कार्तिक व 600 में अतिया, आकाश ने बाजी मारी

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश स्तरीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन प्राथमिक स्तर 400 मीटर बालिका दौड़ में विदुषी पांडेय गाजीपुर ने प्रथम, रोशनी कासगंज ने द्वितीय और प्रशंसा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में कार्तिक अमरोहा ने प्रथम, संजय उन्नाव ने द्वितीय व राजेंद्र गाजीपुर ने तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग की 600 मीटर दौड़ में अतिया देवरिया प्रथम, शिवांगी यादव जौनपुर द्वितीय व करिश्मा तृतीय स्थान रहीं। बालक वर्ग में आकाश गाजीपुर प्रथम, अर्जुन रामपुर द्वितीय व अमन बुलंदशहर तृतीय स्थान पर रहे।

## पुलिस ने अपहरण और लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : थाना हैदरगंज पुलिस ने लूट व छिनैती करने के आरोपी मलावन थाना हैदरगंज निवासी राहुल दुबे को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सात मार्च को अपने भाई रोहित दुबे व चार-पांच अन्य लोगों के साथ मिलकर इमलिया थाना हैदरगंज निवासी सुनील पांडेय को चार पहिया वाहन से अगवा कर उसके साथ लूटपाट की थी। केला लाल खां के पास सुनील ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। मामले में थाना हैदरगंज पुलिस ने दोनों भाइयों समेत अज्ञात पर केस दर्ज किया था। थाना प्रभारी विवेक राय ने बताया कि पुलिस टीम ने रविवार रात करीब 8:27 बजे राहुल को ग्राम करौंदी मोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ अयोध्या जिले में 12, अंबेडकरनगर जिले में 13 व सुल्तानपुर में लूट, छिनैती आदि के कुल 27 मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ अंबेडकरनगर जिले की अहिरौली थाना पुलिस ने वर्ष 2018 व 2020 में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की है। वह कई बार जेल भी जा चुका है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

## हत्याकांड के छह आरोपियों के घरों पर चला बुलडोजर

बाराबंकी, अमृत विचार : दो दिन पूर्व हुए मिथुन हत्याकांड को लेकर पुलिस कार्रवाई के बीच प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। सोमवार को हत्या के छह आरोपियों के घर बुलडोजर से जमींदोज कर दिए गए। इस कार्रवाई के दौरान तहसील के प्रशासनिक अधिकारी व पीएसी पुलिस बल मौजूद रहा। माना जा रहा कि यह घर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध ढंग से बने हुए थे। शुक्रवार की देर रात लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीरामपुरवा मजरे सुभाषनगर के रहने वाले मिथुन रावत 22 की नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को दबोचा जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। छह आरोपियों के घर ग्राम दुर्गीपुरवा में करीब आस पास ही बने हुए थे। शुक्रवार की रात कच्चे घर है। सोमवार की दोपहर गांव में पसरा सन्नाटा जेसीबी की आवाज व पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की आमद ने तोड़ा। इस बीच ग्रामीण भी एकत्र हो गए। बुलडोजर की जेसीबी ने एक के बाद एक करीब छह घर देखते ही देखते नेस्तनाबूद कर दिए। एसडीएम कार्तिकेय सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार अंकिता पांडेय, कानूनगो कैलाश बहादुर, लेखपाल सर्वेश कुमार, प्रिंस शर्मा, अरविंद वर्मा, क्षितिज तिवारी के अलावा कुर्सी थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, भारी पुलिस बल व पीएसी बटालियन की मौजूदगी रही।

## सीबीआई में टेक्निकल अफसर बने विशाल

अयोध्या कार्यालय



अमृत विचारः तारून थाना क्षेत्र के विजयनपुर सजहरा भवानीपुर के रहने वाले विशाल वर्मा पुत्र देवनारायण वर्मा ने यूपीएससी के माध्यम से चयनित होकर सीबीआई में टेक्निकल अफसर बनकर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया। रामपुर भगन स्थित सरदार भगत सिंह एजुकेशनल इंस्टीट्यूट से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इंटर की परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन की मेरिट में अपना स्थान बनाने वाले विशाल ने जेई मेन्स की परीक्षा में 99.70 फीसदी अंक हासिल कर ऑल इंडिया टॉपर मेरिट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके बाद एनआईटी में प्रवेश पाने का लक्ष्य भी हासिल किया है। विशाल बताते हैं कि वह चार भाइयों में तीसरे नंबर के हैं। पिता देवनारायण वर्मा किसान है। बड़े भाई एयरफोर्स में ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। बताया कि सेंट्रल गवर्नमेंट में टेक्निकल अफसर बनने के पीछे उनके बड़े भाई एयरफोर्स में ऑफिसर के पद पर तैनात अतुल वर्मा सहित परिजनों और क्षेत्र वासियों की दुआओं व आशीर्वाद का परिणाम रहा है।

## अयोध्या से दिल्ली व पुरुलिया 14 से चलेगी नई ट्रेन

अयोध्या, अमृत विचारः अयोध्या से दिल्ली व पं. बंगाल के पुरुलिया आने-जाने को नई ट्रेन की सौगात मिली है। पीएम मोदी 14 मार्च को पुरुलिया-आनंद विहार के बीच चलने वाली इस नई ट्रेन सेवा का शुभारंभ करेंगे। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि पीएम पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान रेलवे से जुड़े कई परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे। पुरुलिया से आनंद विहार दिल्ली के बीच चलने वाली यह ट्रेन रामगढ़, रांची, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, रोहतास, कैमूर, चंदौली, वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद होते हुए आनंद विहार पहुंचेगी।

## फील्ड ट्रेनरों की तैनाती

अयोध्या कार्यालयः जनगणना कार्य के लिए चार्ज स्तर पर प्रशिक्षण के लिए फील्ड ट्रेनरों की तैनाती कर दी गई। फीलिड ट्रेनरों को मकान गणना से पहले 23 से 25 मार्च तक प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए रेजीमेंट मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार को नोडल अफसर नामित किया गया। तैनाती जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने की है। जनगणना-2027 के पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना मई-जून माह में होगी। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में की जाएगी। इसके लिए फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 से 25 मार्च को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान डाभासेमर में दिया जाएगा। इसमें फैजाबाद सदर के ग्रामीण क्षेत्र में 10 चार्ज स्तर पर आवंटित फील्ड ट्रेनर्स को नामित किया गया है। नगर निगम के शहरी क्षेत्र में जोन-ए में पांच, जोन-दो में पांच व जोन-तीन में पांच फील्ड ट्रेनर्स को लगाया गया है। नगर पंचायत शहरी में दो, नगर पंचायत गोसाईगंज ग्रामीण में दो, बीकापुर ग्रामीण में 12, नगर पंचायत बीकापुर शहरी में दो, मिल्कीपुर ग्रामीण में 14, नगर पंचायत कुमारगंज शहरी में दो, सोहावल ग्रामीण में 10, नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा शहरी में दो, नगर पंचायत खिरौनी (सुचितागंज) शहरी में दो, रूदौली ग्रामीण में 12, नगर पालिका परिषद रूदौली शहरी में तीन व नगर पंचायत मां कामाख्या शहरी में दो चार्ज स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स के लिए अधिकारियों को नामित किया गया है।





## टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में टीम इंडिया की जीत पर युवाओं ने मनाया जश्न

अयोध्या, अमृत विचार : टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में न्यूजीलैण्ड पर भारत की ऐतिहासिक जीत पर खेल प्रेमी अपने उत्साह व देश प्रेम को रोक न सके। मैच समापन के साथ ही नगर के रिकाबगंज चौराहे पर नगाड़ों की धुन पर हाथ 0मे तिरंगा लहराते युवा, बच्चे सहित सभी ने खूब रंग जमाया। आतिशबाजी की और भारत माता की जय के खूब नारे लगाए। यही हाल नगर के लगभग सभी मोहल्ले, कॉलोनी, चौराहे सहित ग्रामीणंचल तक में रहा और खुशी से लबरेज खेल प्रेमियों ने जीत का जश्न खुल कर मनाया। रिकाबगंज हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने ढोल बजा और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया। जश्न मनाने वालों में भाजपा नेता दिनेश जायसवाल, अधिवक्ता राजीव शुक्ला, समाजसेवी राम फेर गुप्ता, ज्योति गुप्ता, प्रभात सिंह, शिवम और शुभम आदि थे।

## जिला जेल में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

अयोध्या कार्यालय

- इनरव्हील क्लब ने दान की म्यूजिकल चेयर, मिठाई और श्रृंगार सामग्री

अमृत विचारः अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला कारागार के महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों के लिए इनरव्हील क्लब से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इनर व्हील क्लब अयोध्या की बीना अग्रवाल, रेनू सिंघल और मीरा अग्रवाल ने महिला बंदियों के लिए म्यूजिकल चेयर, मिष्ठान और श्रृंगार सामग्री आदि दान स्वरूप प्रदान की। निर्मला जन सेवा समिति अयोध्या द्वारा बंदियों के कल्याण के लिए स्वास्थ्य एवं कानूनी परामर्श प्रदान करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. कल्पना कुशवाहा और डॉ. दीप्ति गुप्ता ने किया। महिला बंदियों को कानूनी परामर्श उच्च न्यायालय लखनऊ की अधिवक्ता ज्योत्सना श्रीवास्तव और अधिवक्ता अलंकृता श्रीवास्तव ने प्रदान किया। महिला बंदियों से कारागार में बनाए जा रहे थैला को क्रय करके महिला बंदियों को प्रोत्साहित किया गया। इसके लिए कारागार परिवार की ओर से इन व्हील क्लब और निर्मला जन सेवा समिति की प्रशंसा की गई।

इस अवसर पर प्रभारी वरिष्ठ अधीक्षक प्रदीप कुमार कश्यप, उप कारापाल वन्दना, माया सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।



अग्रवाल महासभा के होली मिलन समारोह में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

## धराना पांडे के फाल्गुन लोकगीत ने बांधा समा

अयोध्या, अमृत विचार : अग्रवाल महिला सभा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कैंट स्थित मैसानिक लाज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ रामाया सिंघल ने गणेश जी की वंदना से किया। माही अग्रवाल, शुभी, ममता, सौम्या, शिवांगी के द्वारा सुंदर रील की प्रस्तुति दी गई। मुख्य आकर्षण धराना पांडे का फाल्गुन लोकगीत रहा। सारिका अग्रवाल ने गेम खिला कर बच्चे बड़े सबका मनोरंजन किया। अंत में फूलों की होली के साथ संगीत का समां बधा। कोमल व अर्पिता ने नृत्य प्रस्तुत किया। अध्यक्ष प्रीति बंसल एवं सचिव सीमा अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। उषा अग्रवाल, स्नेहालता अग्रवाल, बीना, उमा, विजय लक्ष्मी, छाया, संगीता ममता समेत अन्य मौजूद रहे।

## डामर ड्रम मिक्सर मशीन में लगी आग

शुजागंज, अयोध्या : रुदौली तहसील क्षेत्र के भेलसर-रहीमगंज मार्ग पर सोमवार को सड़क मरम्मत के दौरान डामर ड्रम मिक्सर मशीन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते मशीन धू-धू कर जलने लगी और आसमान में काले धुएं का गुबार उठने लगा। घटना से आसपास अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा एनएच-27 के निकट भेलसर गांव के पास खराब सड़क की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान कार्य में लगी डामर ड्रम मिक्सर मशीन में अचानक आग लग गई। भेलसर चौकी प्रभारी युवराज सिंह, हमराही दुर्गा प्रसाद के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मी सद्दाम हुसैन, अमित वाजपेयी, अमित कुमार व चालक राकेश मिश्रा ने आग पर काबू पाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि आग के कारणों का पता नहीं चल सका है।



रुदौली बार एसो. होली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते एसडीएम संतोष कुमार।

## प्रेम के गीतों से सरोबार रहा होली मिलन समारोह

रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार : तहसील रुदौली के बार सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह हास्य, व्यंग और प्रेम के गीतों से सरोबार रहा। अध्यक्षता अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन चौधरी ने की। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ने होली की बधाई दी। उन्होंने बार व बेंच के मध्य सामंजस्य स्थापित कर न्यायिक कार्यों में सहयोग की अपील की। तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता ने रुदौली में गंगा-जमुनी तहज़ीब की सराहना की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला व राजनारायण मौर्या, चकबन्दी कानून गो सहजराम कनौजिया, सतिन्द्र शास्त्री, अमर सिंह, बालेंद्र सिंह, वेद तिवारी, मो. फहीम खान, राम मनोरथ वर्मा, साहब सरन वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## संगठित हिंदू समाज ही विश्व को दे सकता दिशा

मिल्कीपुर, अयोध्या : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ अयोध्या महानगर की ओर से साकेत महाविद्यालय के सभागार में प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज ने कहा कि संगठित हिंदू समाज ही पूरे विश्व को दिशा दे सकता है। कहा कि समाज के बिखराव के कारण ही भारत को पराधीनता का सामना करना पड़ा। कार्यक्रम में डॉ. मंजूषा पांडेय, डॉ. अजय मोहन आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी अम्बेडकरनगर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**



जनपद–अम्बेडकरनगर के अहिरौली थानान्तर्गत दिनांक 20.02.2026 की ग्राम प्रहलाद पट्टी में मिले अज्ञात शिशु (बालक) को दिनांक 02.03.2026 को नियमानुसार बाल कल्याण समिति, अम्बेडकरनगर के आदेश से राजकीय बाल गृह (शिशु) प्राग नारायण रोड लखनऊ उ0प्र0 में संरक्षित किया गया है। यदि उक्त शिशु का कोई जैविक माता–पिता या विधिक संरक्षक हो तो 02 माह (60 दिवस) के अन्दर बाल कल्याण समिति अम्बेडकरनगर, कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी/ जिला बाल संरक्षण अधिकारी, अम्बेडकरनगर से संपर्क करें। तत्पश्चात अज्ञात शिशु (बालक) के दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी।

(राकेश कुमार)
जिला प्रोबेशन अधिकारी
अम्बेडकरनगर।

पत्रांक–2264–65, दिनांक –09–03–26

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच।**

पत्रांकः 2117/15वां वि0आ0 (अन0ग्रां0)/नि0कार्य/ई–टेण्डर/2025–26 दिनाँक 07 मार्च, 2026

**ई–निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 2116/15वां वि0आ0 (अन0ग्रां0)/ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक 07 मार्च, 2026 द्वारा 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त तथा वर्ष 2025–26 की प्रथम किश्त की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से 20 निर्माण कार्यों की जी0एस0टी0 रहित आनलाइन निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 09 मार्च, 2026 को अपरान्ह 02:30 बजे से दिनांक 30 मार्च, 2026 को अपरान्ह 03:30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2025–26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम व शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता सं0– 50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/एन0एस0सी0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत / चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण–पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 30 मार्च, 2026 को अपरान्ह 04:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच ।

आयोजन

लघु उद्योग भारती के होली मिलन समारोह में संतों, उद्यमियों व जनप्रतिनिधियों ने खेली फूलों की होली

# उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति पर काम कर रही सरकार

अयोध्या कार्यालय





लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मौजूद विधायक वेद प्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव, अभय सिंह, महंत मिथिलेश शरण नंदनी व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार : लघु उद्योग भारती द्वारा रघुकुल सदन देवकाली में आयोजित होली मिलन समारोह में जिले के संतों, उद्यमियों, जनप्रतिनिधियों व व्यवसायियों ने फूलों की होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी। मुख्य अतिथि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या के व्यवसायियों और उद्यमियों को शुभकामना देते हुए 19 मार्च को आयोजित होने वाले श्रीराम यंत्र की स्थापना कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति और सुरक्षा संजीवनी का काम कर रही है। उद्यमी संगठनों की समस्याओं के समाधान के लिए वह हर समय उपलब्ध हैं। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या ने आर्थिक विकास में एक नया इतिहास रच दिया है। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था विकसित करने में ग्रामीण और लघु उद्योगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने जिले उद्यमियों से सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की अपील की। विशिष्ट अतिथि हनुमंत सदन के महंत मिथिलेश नंदनी शरण ने वसंत ऋतु को ऋतुओं की सर्वश्रेष्ठ काल बताते हुए कहा कि अयोध्या की परंपरा में वसंत पंचमी से होली तक वसंत उत्सव मनाने का उल्लेख है।

लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 1994 में गठित इस संगठन में आज पूरे देश के प्रत्येक राज्य में 70 हजार से अधिक सदस्य हैं। कार्यक्रम संयोजक आशीष अग्रवाल ने बताया कि लघु उद्योग भारती के सचिव विक्रम माकीन, उपाध्यक्ष अजय खन्ना, मंडल सचिव सर्वज्ञ सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष आनंद एवं सदस्य संजय अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन अरुण कुमार अग्रवाल ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजीव गोयल, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, पेट्रोलियम डीलर अध्यक्ष राजेश सिंह, शक्ति सिंह, अभय सिंह, अवधेश वर्मा समेत बड़ी संख्या में व्यापारी आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### महिला जनसुनवाई में आईं 25 शिकायतें

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने सर्किट हाउस के सभागार में महिला जनसुनवाई की। सुनवाई में कुल 25 मामले आए। आयोग की सदस्य ने समस्याएं सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है। महिलाओं पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायतों में पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, भूमि विवाद, भरण-पोषण और अन्य सामाजिक समस्याओं से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किए गए। बैठक के बाद सदस्य ने दर्शननगर में वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण किया। सुनवाई के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार पांडे, पुलिस क्षेत्राधिकारी योगेंद्र, महिला थाना से आशा शुक्ला, वन स्टाफ सेंटर से सुधा वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के डॉ. संदीप कुमार शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### तीन गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिला पूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक अकबरपुर प्रदीप कुमार पाण्डेय के साथ बाबा गैस एजेंसी अकबरपुर, आजाद इण्डेन गैस एजेन्सी पियारेपुर कटेहरी एवं शनि गैस सर्विस कटेहरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय तीनो गैस एजेन्सियों पर प्रर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध पायी गयी। बाबा गैस एजेन्सी के यहां कुछ उपभोक्ता 25 दिन से कम समय के अन्दर गैस प्राप्त करने के लिए गैस की बुकिंग कराने के लिए एकत्र हुए थे, जिसके कारण वहां पर उपभोक्ताओं की भीड़ पायी गई।

# रेशम उत्पादन से किसानों की आय में होगी बढ़ोतरी

## कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में प्रौद्योगिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम शुरू

**कुमारगंज अयोध्या**



कृषि विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते कुलसचिव डॉ. पी.एस. प्रमाणिक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में रेशम उत्पादन एवं क्षमता निर्माण विषय पर पांच दिवसीय प्रौद्योगिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम सोमवार को शुरू हुआ। यह कार्यक्रम कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में कृषि विवि एवं केंद्रीय रेशम बोर्ड भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि विवि के कुलसचिव डॉ. पीएस प्रमाणिक ने अपने संबोधन में कहा कि रेशम उत्पादन पर क्षमता निर्माण एक महत्वपूर्ण पहल है जो रेशम उद्योग को मजबूत बनाने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद कर सकता है। किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है क्योंकि वे अधिक उत्पादन कर उत्पादों को बेहतर ढंग से बेच सकते हैं। कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सतत रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने, रेशम उत्पादन के ज्ञान, तकनीकी कौशल और व्यावहारिक समझ को बढ़ाना है।

कहा कि किसानों और रेशम उत्पादकों को आधुनिक तकनीकों और प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण देने की जरूरत है। निदेशक प्रशासन डॉ. सुशांत श्रीवास्तव ने कहा कि रेशम उत्पादन के लिए किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने की जरूरत है। इसके उत्पादन से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं दोगुनी हो सकती हैं। किसानों को अपनी आय को बढ़ाने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए रेशम उत्पादन का कार्य एक बेहतर विकल्प बन सकता है।

अधिष्ठाता डॉ. सीपी सिंह व निदेशक शोध डॉ. शंभू प्रसाद ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्रा के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विवि में निबंध स्पर्धा

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विधि विभाग व साकेत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सोमवार को निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, महिला अधिकारों व समाज में महिलाओं की भूमिका जैसे समसामयिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर विधि संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार राय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण किसी भी सभ्य व प्रगतिशील समाज की आधारशिला है। समाज में समानता व न्याय की स्थापना तभी संभव है जब महिलाओं को शिक्षा, अवसर व अधिकारों में समान भागीदारी प्राप्त हो। विद्यार्थियों ने निबंधों में सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता और सकारात्मक परिवर्तन की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। प्रतियोगिता का परिणाम अगले सप्ताह में घोषित होगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।



पटखौली बाजार में रोजा इफ्तार पार्टी में मौजूद रोजेदार। अमृत विचार

### रोजा इफ्तार में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब की झलक

**बारुन, अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्र के पटखौली बाजार में 19वें रमजान के अवसर पर सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन पटखौली बाजार निवासी हाजी गुलजार खान के यहां पर किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रोजेदार और ग्रामीण शामिल हुए। हाफिज कारी हसमुतदीन ने उपस्थित सभी रोजेदारों को मगरिब की नमाज पढ़ाई। इफ्तार के दौरान गंगा-जमुनी तहजीब की झलक भी देखने को मिली। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मुलायम सिंह यादव, पूर्व प्रधान राजकुमार यादव, जगदीश प्रसाद पेंटर, ताज मोहम्मद उर्फ दद्दू खान, इरशाद खान, दिलशाद खान सहित सैकड़ों रोजेदार मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा




सीवीओ को ज्ञापन देते पैरा वेटरनरी वर्कर संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**पूराबाजार, अमृत विचार :** पैरा वेटनरी वर्कर संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संघ के अध्यक्ष रजनीश उपाध्याय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सौंपा। कहा कि पैरा वेटनरी वर्कर 1992 से पशुपालन विभाग में काम कर रहे हैं, लेकिन कोई मानदेय नहीं मिला। संघ के पदाधिकारियो ने पैरा वेटनरीवर्करो को नियमित मानदेय, नई तकनीकी जानकारी के लिए पुनः बोधात्मक प्रशिक्षण दिलाने और मासिक बैठक कराए जाने की मांग की। इस अवसर पर संघ के महामंत्री अविनाश सिंह, रामकिशोर यादव, हरिशंकर वर्मा, सुरेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### भगवान बक्स सिंह ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट



सीएम को स्मृति चिन्ह भेंट करते सूर्यवंश क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष भगवान भक्त सिंह।

**पूराबाजार, अयोध्या :** गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बक्स सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट करके श्रीमद्भागवत कथा में आने का आमंत्रण दिया। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से से जुड़े कुछ सामान्य विषयों पर चर्चा की।

### विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों से की बात

**अयोध्या, अमृत विचार :** त्वरित आर्थिक विकास योजना में भेजे गए प्रस्ताव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। उन्होंने इसके मकसद से लेकर कार्य के बारे में विधिवत चर्चा की। त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत सभी विधायक सासंद, एमएलसी सहित अन्य ने कार्यों का प्रस्ताव भेजा है। बताया गया कि लगभग पांच करोड़ के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों से भेजे गए हैं। इन प्रस्तावों और योजना के मकसद को लेकर सीएम ने जनप्रतिनिधियों से वीडियोकॉफ्रेंसिंग के जरिए बात की। यहां कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के कांफ्रेसिंग कक्ष में जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ सीडीओ केके सिंह सहित अन्य लोग थे।

## श्रमिक सुविधा केंद्र के मानकों का कराएं पालन

**अयोध्या, अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्रम विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी संचालन और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लेबर अड्डा को मानकों के अनुरूप चलाए जाने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना, ई-श्रम पोर्टल, जीरो पावर्टी अभियान, जिला श्रम बन्धु, बाल एवं बंधुवा श्रम उन्मूलन और भीमराव अंबेडकर श्रमिक सुविधा केंद्र योजना के संचालन और प्रगति की समीक्षा की। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल पर कराया जाए।

# मानदेय और ईपीएफ न मिलने पर मनरेगा कर्मियों में आक्रोश

- खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जताया विरोध

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बीते जुलाई माह से मानदेय का भुगतान न होने और ईपीएफ जमा न किए जाने से आक्रोशित मनरेगा कर्मचारियों ने मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले सोमवार को जलालपुर खंड विकास कार्यालय पहुंचकर खंड विकास अधिकारी दिनेश राम को श्रम उपायुक्त मनरेगा के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने बताया कि मनरेगा कर्मचारी और अधिकारी सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इसके बावजूद उच्च अधिकारियों की उदासीनता के कारण जुलाई 2025 से अब तक कर्मचारियों का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है और ईपीएफ भी जमा नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मनरेगा संघ के जिला महामंत्री मनोज ने बताया कि इस संबंध में कई बार शासन व उच्च अधिकारियों को पत्राचार कर मानदेय और ईपीएफ जमा कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मार्च माह के अंत तक कर्मचारियों का मानदेय भुगतान और ईपीएफ जमा नहीं किया गया तो अप्रैल माह से सभी मनरेगा कर्मचारी अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे।

## आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**न्यौरी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के आलापुर तहसील क्षेत्र के 33-11 विद्युत उपकेंद्र न्यौरी की विद्युत आपूर्ति 10 मार्च दिन मंगलवार को दिन में 11 से लेकर शाम 4 बजे तक 6 घंटे तक बाधित रहेगी। अवर अभियंता न्यौरी प्रशांत तिवारी की सूचना के अनुसार सोमवार को 33-11 विद्युत उपकेंद्र न्यौरी की लाइन पर ट्री कटिंग एवं स्विच यार्ड में मेंटेनेंस के लिए 33 केवी विद्युत उपकेंद्र न्यौरी की लाइन बंद रहेगी। यह कार्य दिन में 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक किया जाएगा। अवर अभियंता न्यौरी प्रशांत तिवारी ने समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अपना बिजली संबंधित कार्य सुबह 11 से पहले पूर्ण कर लेने का आग्रह किया है। लगभग 6 घंटे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप रहेगी। शाम 4 बजे पूर्ण विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कर दी जाएगी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं की और सुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

# पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**



पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेते डीएम व एसपी।

- किसी भी बैंक शाखा में 15 दिन से अधिक लंबित नहीं रहेगा आवेदन

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों और बैंकों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

डीएम ने विभागवार निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष संतोषजनक प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना आमजन को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण योजना है, इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से बैंकों में लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसी भी बैंक शाखा में कोई भी आवेदन अधिकतम 15 दिन से अधिक लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि सभी लंबित आवेदनों का निर्धारित समयावधि के भीतर अनिवार्य रूप से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिन बैंक शाखाओं में अधिक संख्या में आवेदन लंबित पाए गए हैं, उन्हें चिन्हित कर संबंधित शाखा प्रबंधकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वह अपने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ-साथ आमजन को भी योजना के प्रति जागरूक करें तथा अधिक से अधिक लोगों को अपने घरों की छतों पर सोलर संयंत्र स्थापित कराने के लिए प्रेरित करें। बैठक में सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, डीडीओ, अग्रणी जिला प्रबंधक, परियोजना अधिकारी नेडा, विद्युत विभाग, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, विभिन्न बैंकर्स एवं वेंडर उपस्थित रहे।

### डीएम व एसपी पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा को लेकर स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** डीएम अनुपम शुक्ला ने एसपी अभिजीत आर शंकर के साथ आगामी 14 व 15 मार्च को आयोजित होंने वाली पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सभी संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्ट्रांग रूम में पुलिस के जवान सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे और सीसीटीवी कैमरे से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी और संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# उत्साह से मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**



कार्यक्रम में शामिल दयाराम वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राएं।

- समान अधिकारों के प्रति जागरूकता का दिया गया संदेश

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दयाराम वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया और महिला सशक्तिकरण, शिक्षा तथा समान अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद कॉलेज की सैकड़ों छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा के महत्व और समाज में समान अधिकारों के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली। छात्राओं ने अपने विचार भी साझा किए और महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता तथा समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लीगल एडवाइजर संजीव कुमार वर्मा ने कहा कि महिलाओं को कानून द्वारा दिए गए अधिकारों की जानकारी होना बहुत जरूरी है, ताकि वह किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें। वहीं सीनियर अकाउंट ऑफिसर देनारायन वर्मा ने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उप-प्राचार्य अमित गर्ग ने कहा कि नर्सिंग का क्षेत्र सेवा और समर्पण का क्षेत्र है, जिसमें महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर समाज की सेवा करने का आह्वान किया।

# सिविल डिफेंस के तहत होगी सैनिक व सुपरवाइजर की भर्ती

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के आठ विकास खण्ड मुख्यालयों में एसआईएस इंडिया लि. सिविल डिफेंस के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए तिथिवार शिविर का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि 10 और 11 मार्च कटेहरी और भीटी ब्लॉक, 12 और 13 मार्च टांडा व जलालपुर ब्लॉक, 16 और 17 मार्च बसखारी व भियांव ब्लॉक, 18 और 19 मार्च रामनगर व जहांगीरगंज ब्लॉक में भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। डिप्टी कमांडेंट रजनीश कुमार राय ने बताया कि एसआईएस इंडिया लि. भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जो सिविल डिफेंस के तहत एनडीआरफ द्वारा ट्रेनिंग सभी प्रशिक्षु को भी दिया जाता है। सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत और विदेशों में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर की नियुक्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि जौनपुर ट्रेनिंग सेंटर सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर और पद के लिए शारीरिक माप दंड जिसमें लम्बाई 167 .5 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम नहीं तथा योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। वहीं सुपरवाइजर के लिए इंटर पास होना चाहिए और लंबाई 170 सेमी उम्र 19 से 40 वर्ष जो देखने में होनहार हो। ऐसे इच्छुक बेरोजगार युवकों को उक्त निर्धारित तिथियों में अपनी सुविधानुसार संबंधित विकास खण्डों में निर्धारित शिविर में साक्षात्कार के लिए प्रतिभाग कर सकते है। जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनित अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण के लिए जौनपुर भेजा जायेगा।

# सामूहिक इफ्तार में दिखी भाईचारे की झलक

**न्यौरी, अंबेडकरनगर**



रोजा इफ्तार पार्टी में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पवित्र माह रमजान की रौनक के बीच क्षेत्र में सामूहिक इफ्तार पार्टियों का सिलसिला तेज हो गया है। न्यौरी गांव में आयोजित सर्वधर्म सामूहिक इफ्तार ने आपसी मेल-मोहब्बत, सांझा संस्कृति और भाईचारे की मिसाल पेश की।

गांव निवासी मुदस्सिर खालिद फारूकी के आवास परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में रोजेदारों के साथ-साथ विभिन्न जाति और धर्म के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। सभी ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और सामाजिक सौहार्द व गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूत करने का संदेश दिया। इफ्तार से पहले मुल्क की खुशहाली, अमन-चैन और आपसी एकता के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम में शामिल जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा ने कहा कि भारत की असली खूबसूरती ऐसे आयोजनों में दिखाई देती है, जहां हर धर्म और समुदाय के लोग एक साथ बैठकर प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक इफ्तार जैसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास, सद्भाव और साझी संस्कृति को मजबूत करते हैं। ब्लाक प्रमुख बलिराम ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोडने का काम करते हैं और नई पीढ़ी को भाईचारे का संदेश देते हैं।

आयोजन

**यूपीएससी में सफलता पाने वाले जनपद के प्रतिभाशाली युवाओं का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मान**

# अभ्यर्थियों को कड़ी मेहनत व दृढ़ संकल्प से मिली यूपीएससी में सफलता

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**



यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित करते डीएम और एसपी।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में यूपीएससी में जनपद का नाम रोशन करने वाले सफल अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को माल्यार्पण कर, अंगवस्त्र, मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

डीएम ने यूपीएससी में 86वीं रैंक पाने वाले पुरू दुबे पुत्र संजय दुबे निवासी ग्राम महरुआ तहसील भीटी तथा विपिन देव यादव रैंक 316 पुत्र राजाराम यादव निवासी ग्राम एकडल्ला पोस्ट हुसैनपुर गिरंट तहसील टांडा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही उनके साथ उपस्थित परिजनों को भी माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान दोनों नवचयनित अभ्यर्थियों ने अपनी सफलता की प्रेरक यात्रा, कठिन परिश्रम, संघर्ष तथा अध्ययन के अनुभवों को साझा किया। इस दौरान डीएम व एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने भी अभ्यर्थियों के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल अभ्यर्थियों और उनके परिवार के लिए गौरव का विषय है, बल्कि पूरे जनपद के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि आप सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और आपकी सफलता से जनपद के अन्य प्रतिभाशाली छात्र भी उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह ने भी नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अपने अनुभवों के माध्यम से युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

### पुरू दूबे रहे सिविल इंजीनियरिंग में गोल्ड मेडलिस्ट

इस अवसर पर पुरू दुबे के चाचा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि पुरू दुबे आईआईटी बीएचयू से सिविल इंजीनियरिंग में बी-टेक के गोल्ड मेडलिस्ट रहे हैं तथा अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त करते रहे हैं। वहीं विपिन देव यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव एकडल्ला से प्राप्त की। हाईस्कूल-इंटर की परीक्षा एसएसबी इंटर कॉलेज अयोध्या से प्राप्त की तथा आगे चलकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने बताया कि वह समाज कल्याण विभाग की अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित कोचिंग संस्थान लखनऊ में शैक्षणिक गतिविधियों मेंटर के रूप में जुड़े रहे।

# कब्रिस्तान की जमीन पर निर्माण को लेकर हुआ बवाल

- दो पूर्व प्रधानों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्षों पर की गई कार्रवाई

**आजमगढ़, अमृत विचार :** जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गौरी बस्ती में कब्रिस्तान की जमीन पर निर्माण को लेकर दो पूर्व प्रधानों के बीच विवाद हिंसक हो गया। मारपीट में पूर्व प्रधान सफदर घायल हो गए, जबकि घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गौरी बस्ती में पूर्व प्रधान सिधारी द्वारा अनुसूचित कब्रिस्तान की भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कराया जा रहा था। इसे लेकर बस्ती के ही शंकर और सेठ ने गांव के पूर्व प्रधान सफदर को मौके पर बुलाया और पंचायत के माध्यम से कब्रिस्तान की जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाने का अनुरोध किया। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंचे सफदर ने निर्माण कार्य रुकवाने की बात कही, जिससे दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान सिधारी और उनके परिजनों ने मिलकर पूर्व प्रधान सफदर पर हमला कर दिया। वायरल हो रहे वीडियो में मारपीट के दौरान महिलाओं ने भी सफदर पर हमला किया। इस घटना में सफदर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि घायल सफदर गंभीरपुर थाना का गैंगस्टर भी बताए जाते हैं। वहीं गांव के ही पूर्व प्रधान सिधारी और उनके परिजनों द्वारा उन पर किए गए हमले की घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएचसी में अधीक्षक सहित डॉक्टरों की कुर्सी रही खाली

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को सीएचसी करौंदीकला में अधीक्षक सहित डॉक्टरों की कुर्सी खाली रहने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीज काफी देर तक डॉक्टरों का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई चिकित्सक उपलब्ध नहीं हुआ। अस्पताल में सोमवार को केवल दंत चिकित्सक डॉ. रिंकी कुशवाहा ही मौजूद रहीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीएचसी में अधीक्षक और अन्य डॉक्टरों की तैनाती के बावजूद वे अक्सर समय से अस्पताल नहीं पहुंचते हैं। इससे मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता और उन्हें मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

### मुख्यमंत्री से मिले जिलाध्यक्ष व विधायक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने सोमवार को कादीपुर विधायक राजेश गौतम के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास 5, कालिदास मार्ग पर मुलाकात की। भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि मुलाकात के दौरान जनपद से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों, सहकारी चीनी मिल के जीर्णोद्धार, सांगठनिक मुद्दों और स्थानीय समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने इन समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। बताया गया कि यह मुलाकात जनहित के मुद्दों को लेकर तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से की गई।

# सफाई साक्ष्य नहीं पेश करेंगे राहुल

## बहस को 12 मार्च की तारीख तय, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी से जुड़ा मामला

- **इसी बीच कोर्ट ने बंध पत्र दाखिल करने का आदेश भी दिया**



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल की ओर से सफाई साक्ष्य न देने पर कोर्ट ने बंधपत्र दाखिल करने का आदेश देते हुए बहस की तारीख निर्धारित कर दी है। एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में चल रहे इस मामले में परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि बचाव पक्ष द्वारा सोमवार को सफाई साक्ष्य प्रस्तुत न करने के कारण कोर्ट ने बंध पत्र दाखिल करने का आदेश देते हुए बहस के लिए 12 मार्च की तारीख मुकर्रर कर दी है।

यह मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु की एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी से जुड़ा है। इस संबंध में पूर्व कोऑपरेटिव चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से 4 अगस्त 2018 को मानहानि वाद दायर किया था। अदालत ने 27 नवंबर को राहुल गांधी को तलब किया था। इसके बाद उन्होंने 20 फरवरी 2024 को अदालत में उपस्थित होकर जमानत कराई थी। वहीं 25 जुलाई 2024 को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होकर उनका बयान दर्ज किया गया था। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत मानहानि का आरोप है, जिसमें दोष सिद्ध होने पर दंड का प्रावधान है। अब निर्धारित तारीख पर दोनो पक्षों की बहस होगी, जिसके उपरांत अदालत इस मामले में निर्णय सुनाएगी।

### जानलेवा हमले में तीन आरोपियों के खिलाफ सेशन कोर्ट में आरोप तय, गवाह तलब

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बल्दीराय थाना क्षेत्र के बीरासराय मजरे बिसांवा में लगभग 11 माह पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में सेशन कोर्ट ने तीन आरोपियों पर आरोप तय कर दिए हैं। सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने आरोप तय करने के बाद अभियोजन गवाहों को तलब करते हुए अगली सुनवाई के लिए 4 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के अनुसार बल्दीराय थाना क्षेत्र के मऊ निवासी आरोपी मोहम्मद कासिम, मोहम्मद ऐजाज और सबरेआलम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र ने बताया कि 11 मई 2025 की शाम करीब पांच बजे वादी शिवाकांत यादव ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उस पर तथा उसकी मां पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के संबंध में बल्दीराय थाने में जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप तय कर दिए और अभियोजन पक्ष के गवाहों को तलब करते हुए 4 अप्रैल को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है।

### सराफा डकैती कांड में सुनवाई 18 को

सराफा डकैती कांड में सोमवार को अपर जिला जज चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर के अवकाश पर होने से सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट में सुनवाई 18 मार्च को होगी। कोतवाली नगर के चौक बाजार में भरतजी सोनी की ज्वेलरी की दुकान पर 28 अगस्त 2024 को डकैती पड़ी थी। अमेठी जिले के मोहनगंज थाने के भवानी नगर निवासी आरोपी बिपिन सिंह सहित दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है। इस मामले में साक्ष्य की कार्यवाही लंबित चल रही है।

### महिला से छेड़छाड़ और घर में खींचने का आरोप

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने पड़ोसी युवक पर छेड़छाड़ और जबरन घर में खींचने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 मार्च की शाम वह अपने घर से दूसरे घर (पाही) जा रही थीं। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद लालचन्द सरोज पुत्र रामअभिलाष सरोज ने पीछे से पकड़कर उनके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला के विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी ने उन्हें घसीटते हुए घर के अंदर ले जाने की कोशिश की और कपड़े खोलने का प्रयास किया। किसी तरह वह आरोपी से बचकर घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। महिला का कहना है कि आरोपी पहले भी ऐसी हरकत कर चुका है और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बम फेंकने के मामले में जमानत पर सुनवाई टली

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जुड़ारा प्रधान के घर पर बम फेंकने के मामले में दो किशोरों की गिरफ्तारी रोकने के लिए दायर अग्रिम जमानत पर सुनवाई नहीं हो सकी। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि न्यायाधीश निशा सिंह के अवकाश पर होने से सुनवाई नहीं हो सकी। प्रभारी न्यायाधीश विजय गुप्ता ने अंतरिम जमानत बढ़ाते हुए नियमित जमानत पर सुनवाई की अगली तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाने के जुड़ारा गांव के प्रधान अनिल मिश्र ने बीती 10 फरवरी की रात लोहरामऊ के सूदापुर स्थित घर पर बमबारी के आरोप में दो नामजद एवं कुछ अज्ञात पर केस दर्ज कराया था।

### श्मशान की जमीन से हटाया अतिक्रमण प्रशासन की कार्रवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के निदूरा गांव में श्मशान के लिए आरक्षित भूमि को सोमवार को प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त करा दिया। राजस्व अभिलेख के अनुसार गांव की गाटा संख्या 328 श्मशान के लिए आरक्षित है। आरोप है कि गांव की ही क्रांति देवी पत्नी बुद्धू ने उक्त भूमि पर उपले और पुआल आदि रखकर अतिक्रमण कर लिया था। इसकी शिकायत गांव निवासी सुखमति देवी ने संबंधित अधिकारियों से की थी। शिकायत की जांच के बाद हल्का लेखपाल देवमणि उपाध्याय सोमवार को कूरेभार थाने की पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान कूरेभार थाने के उपनिरीक्षक, सिपाही शहजाद और महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद रहीं। प्रशासन की कार्रवाई के बाद श्मशान की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया।

# किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा मांगों का ज्ञापन

- **किसान नेताओं ने अधिकारियों को किया सम्मानित**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोमवार को भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन (अराजनैतिक) की ओर से तिकोनिया पार्क में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता राम पियारे यादव ने की, जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में किसान व पदाधिकारी शामिल हुए।

पंचायत में संगठन के जिला संरक्षक ब्रह्मा प्रसाद सिंह, के.के. सिंह (सेवानिवृत्त पेशकार पुलिस अधीक्षक), बाबूराम राजभर (सेवानिवृत्त लेखपाल व राजस्व सलाहकार), जिलाध्यक्ष योगेन्द्र श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष बृजराज मिश्रा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान किसानों की समस्याओं को लेकर कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग और बाल विकास विभाग समेत विभिन्न विभागों से संबंधित 55 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

कार्यक्रम के दौरान जिले के अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। एएसपी अखंड प्रताप सिंह, सीओ जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी, एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला और डीडीओ गजेन्द्र त्रिपाठी को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

# चोरों ने 15 लाख का सामान किया पार

भदैंया, सुलतानपुर



चोरी के बाद बिखरा सामान। • अमृत विचार

- **बिकवाजितपुर गांव में हुई घटना से लोगों में दहशत का माहौल**

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात क्षेत्र के बिकवाजितपुर गांव में रविवार रात चोरों ने एक घर से करीब 15 लाख रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। चोर दीवार के सहारे छत पर चढ़कर घर में दाखिल हुए और तीन कमरों में सो रहे लोगों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए। इसके बाद एक कमरे का ताला तोड़कर अलमारी का लॉकर खोल लिया और रामकिशोर वर्मा की बहू, पत्नी सहित तीन महिलाओं के करीब 14 लाख रुपये के जेवरात व 60 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए।

चोरों ने पड़ोसी एएनएम उर्मिला वर्मा, देशदीप वर्मा, कोटेदार रामकुमार वर्मा, राममिलन कोरी और मोनू वर्मा के घरों पर भी हाथ आजमाने की कोशिश की, लेकिन वहां सफल नहीं हो सके। सीसीटीवी फुटेज में रात करीब डेढ़ बजे घर के बाहर दो संदिग्ध चोर टहलते हुए दिखाई दिए हैं। घटना से गांव के लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

देहात कोतवाल धर्मबीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# 1100 ग्राम गांजा के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक

- **रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धम्मौर पुलिस की रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को 1100 ग्राम अवैध गांजा, मोबाइल फोन और नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार धम्मौर थाना के उपनिरीक्षक जमील अहमद खान पुलिस टीम के साथ बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। पुलिस टीम महेशरगंज से आगे पलिया त्रिलोकपुर मोड़ के पास पहुंची ही थी कि एक व्यक्ति हाथ में झोला लिए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी देखकर वह घबराकर अमेठा की दिशा में तेज कदमों से जाने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे दौड़ाकर करीब 35 कदम की दूरी पर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम सर्वेश कुमार दीक्षित पुत्र स्व. हरदेव प्रसाद दीक्षित निवासी बेरिया थाना जहागीराबाद जनपद बाराबंकी बताया। तलाशी के दौरान उसके झोले में रखी काली पॉलिथीन से 1100 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा उसकी जेब से एक रेडमी 5जी मोबाइल फोन तथा 3320 रुपये नगद भी मिले। आरोपी ने स्वीकार किया कि बरामद रुपये गांजा बिक्री के हैं। उप निरीक्षक की तहरीर पर धम्मौर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# शंकराचार्य के बयान पर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर



सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपते गौ रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी।

- **राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग**

**अमृत विचारः** शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के हालिया बयान को लेकर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के पदाधिकारियों ने एस पी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। संगठन के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह और प्रदेश महामंत्री जयशंकर दूबे के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान

शंकराचार्य द्वारा यह बयान दिया गया कि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों और गौमाता की स्थिति बेहद खराब है, यह अन्य राज्यों से भी बदतर है। संगठन ने इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इस प्रकार के बिना प्रमाण के दिए गए बयान से प्रदेश की छवि धूमिल होती है और समाज में भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है। पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं एक सन्यासी हैं और गौसेवा तथा गौसंरक्षण के प्रति समर्पित हैं। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा गौसंरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। ज्ञापन में बताया गया कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बड़े स्तर पर बजट का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही अवैध बूचड़खानों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई करते हुए गौकशी के मामलों में कठोर धाराओं में मुकदमे भी दर्ज किए जा रहे हैं। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त बयान की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। यदि जांच में बयान भ्रामक और तथ्यहीन पाया जाए तो संबंधित के खिलाफ विधि अनुसार एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के विवादित और भ्रम फैलाने वाले बयानों पर रोक लगाई जा सके।

ज्ञापन के दौरान दिवाकर रघुवंशी, सौरभ सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, मुकेश कसौधन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गिरफ्तारी को लेकर धरने पर बैठा सफाई कर्मचारी महासंघ



धरने पर बैठे राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के लोग।

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों सफाई कर्मचारी तिकोनिया पार्क में धरने पर बैठ गए। अध्यक्ष बबलू चौधरी ने बताया कि घनश्याम के पुत्र श्याम जो कि काम पर जा रहा था। तभी कुछ लोगो ने उस हमला कर घायल कर गोली मारने की धमकीं देते हुए चले गए। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो लोगों की गिरफ्तारी कर ली। लेकिन बचे हुए आरोपित युवक लगातार सुलह समझौते की धमकीं दे रहे हैं। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे लोगों में दहशत है। बताया कि अगर 48 घंटों में आरोपियों कि गिरफ्तारी नहीं होती है तो महासंघ सड़क पर उतर प्रदर्शन को बाध्य होगा।

# क्रॉसिंग पर स्लीपर बदलने का काम शुरू

भदैंया, सुलतानपुर



क्रासिंग बंद कर बदले गए स्लीपर। • अमृत विचार

- **पखरौली मार्ग का आवागमन प्रभावित होने से हुई परेशानी**

**अमृत विचारः** लखनऊ-वाराणसी रेल खंड पर स्थित हनुमानगंज रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार को स्लीपर बदलने का कार्य शुरू होने से सड़क मार्ग से आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया। इससे पखरौली मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्हें वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा।

सोमवार सुबह करीब 10 बजे रेलकर्मियों ने पखरौली-सुलतानपुर रेलवे स्टेशन के बीच स्थित हनुमानगंज-पखरौली मार्ग की क्रॉसिंग पर डाउन ट्रैक के स्लीपर बदलने का कार्य शुरू किया। इस दौरान ट्रेनों का संचालन सावधानी (कॉशन) के साथ जारी रहा, लेकिन सड़क मार्ग पूरी तरह बंद रहा। क्रॉसिंग तक पहुंचे कई लोगों को रास्ता बंद मिलने पर वापस लौटना पड़ा। मौके पर मौजूद बछरावां के एसएससीपी वे रामनरेश ने बताया कि इस कार्य के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक का ब्लॉक लिया गया है। कार्य पूरा होने के बाद क्रॉसिंग पर आवागमन को सामान्य रूप से फिर से शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# कांशीराम जयंती को भव्य बनाने की तैयारी

लंभुआ, सुलतानपुर



कांशीराम जयंती को लेकर समीक्षा बैठक करते बसपाई।

- **बसपा के पदाधिकारियों ने समीक्षा बैठक कर बनाई आगे की रणनीति**

**अमृत विचारः** बहुजन समाज पार्टी ने 15 मार्च को होने वाली कांशीराम जयंती को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से सोमवार को लंभुआ विधानसभा क्षेत्र में समीक्षा बैठक आयोजित की। कस्बे के एक निजी मैरिज लॉन में हुई बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए।

बैठक में अयोध्या मंडल प्रभारी छोटेलाल मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने बहुजन समाज को राजनीतिक शक्ति प्रदान की और उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा दे रहे हैं। जिला महासचिव शिवशंकर पाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती से आने वाले समय में बहुजन समाज पार्टी और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यही प्रयास 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस मौके पर विधानसभा प्रभारी मेवालाल भास्कर, सिद्धनाथ गौतम, रामनयन, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामराज चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य राजेश चौरसिया, कमलजीत यादव, पन्नालाल मौर्य, सुल्तान अहमद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खेलकूद

### अब जोनल स्तर की प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग, सांसद एवं जिला युवा कल्याण विभाग की खेल प्रतियोगिता

# केएनआईसीई को कबड्डी व बैडमिंटन में प्रथम स्थान

संवाददाता, सुलतानपुर




विजयी प्रतिभागी किए गए सम्मानित। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** विवेकनगर करौंदिया स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन (केएनआईसीई) के विद्यार्थियों ने सांसद एवं जिला युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 7 व 8 मार्च को पंत स्टेडियम में आयोजित की गई थी।

प्रतियोगिता में सब जूनियर बालिका वर्ग की कबड्डी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम की खिलाड़ी पलक यादव, मेधा त्रिपाठी, अनुष्का यादव, स्मिता उपाध्याय और आराध्या सिंह के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इनका चयन अब जोनल स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है। वहीं सब जूनियर बालक वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र अंशुमान गुप्ता ने सिंगल और डबल दोनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उनके शानदार प्रदर्शन के चलते उनका चयन भी लखनऊ में आयोजित होने वाली जोनल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक अनुराग पांडेय और कंचन वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय में उत्साह का माहौल है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एन. डी. सिंह, उप प्रधानाचार्य तन्वी गोयल और कोऑर्डिनेटर रेनू सिंह ने विजयी विद्यार्थियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय के प्रबंधक, पूर्व मंत्री व विधायक विनोद सिंह, आशा सिंह, समाजसेवी पुलकित सिंह और पलक सिंह ने भी सभी विजेता खिलाड़ियों व शिक्षकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

# श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकली कलश शोभायात्रा भक्तिमय हुआ माहौल

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** तहसील बल्दीराय क्षेत्र के सुख बड़ेरी के पूरे पंचम शुक्ल गांव स्थित काली माता स्थान पर श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से पूर्व गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बन गया। पीले वस्त्र धारण किए महिलाएं सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुईं। श्रद्धालुओं की बड़ी सहभागिता के कारण शोभायात्रा पूरे गांव में आकर्षण का केंद्र बनी रही। कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर, काली माता मंदिर, दुर्गा माता स्थान और सुखदेव बाबा मंदिर तक पहुंची। इस दौरान विभिन्न मंदिरों में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया और परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा शांति की कामना की गई। इस अवसर पर दिनेश शुक्ला, राजकरन शुक्ला, सुधाकर, प्रहलाद सिंह, अभिनव वैभव, अंतिम, विवेक शुक्ला, नंदू मिश्रा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र आकाश सिंह (राजा) के गलत चाल–चलन के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का उसके किसी कृत्य अथवा लेन–देन के जिम्मेदार नहीं हैं। - **सुबोध कुमार पुत्र स्व० रामलाल मौर्य निवासी मोहल्ला नगलादीना, फतेहगढ़, जिला फर्रुखाबाद।**

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD AFJAL SIDDIQUI से बदलकर MOHD AFZAL SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MO. JAKIR ADD-7, VIRDHA ASHRAM, GANNA PURWA, ADIL NAGAR, PO-VIKAS NAGAR DIST-LUCKNOW -226022 (U.P.)

**सूचना**
मैं मो0 असद पुत्र मो0 यासीन निवासी मो0 पुरानी बाजार कस्बा, परगना व तहसील महमूदाबाद जिला – सीतापुर, मेरा एक सिविल वाद न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त न्यायिक प्रथम– लखनऊ के न्यायालय में विचाराधीन है। यह कि उपरोक्त मुकदमे में दोनो पक्षो की हाजिरी हेतु अग्रिम तारीख 12–03–2026 नियत है जिसका उनवान मोहम्मद असद आदि बनाम अली अब्बास आदि है।

**सूचना**
मैंने दिनांक 29.11.2009 को नयन श्रीवास्तव से विवाहोपरांत अपना नाम पल्लवी तिवारी से बदलकर पल्लवी श्रीवास्तव रख लिया है। भविष्य में मुझे पल्लवी श्रीवास्तव के नाम से जाना व पहचाना जाए। पता– 6478/I–148, जानकीपुरम गार्डन, जानकीपुरम, लखनऊ।

**सूचना**
मैं **आरती सिंह पत्नी उदय प्रताप सिंह, निवासी 69A/14 योजना संख्या 40 ब्लाक** EWS **दबौली कानपुर नगर** उपरोक्त प्रापर्टी का मूल कब्जा पत्र एवं मूल डीड दिनांक 05.04.1999 का प्रथम पृष्ठ कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। **मो.7408855556**

**सूचना**
मैं अथर्व सिंह पुत्र श्री सुजीत कुमार सिंह, निवासी 660/7/P2/29, फूल बाग कालोनी, कुर्सी रोड, लखनऊ–226026, मेरे विद्यालय ICSE के अभिलेखों में मेरा नाम अथर्व सिंह सुयश अंकित है। जबकि मेरा सही एवं वर्तमान नाम अथर्व सिंह और मेरी सही जन्मतिथि 28–11–2005 है, जैसा कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। जबकि मेरे विद्यालय अभिलेखों में अंकित जन्मतिथि 28–11–2004 त्रुटिवश दर्ज हो गई थी। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**
मैं **राजेश कुमार रावत पुत्र स्व0 बरातीलाल रावत निवासी म0नं0 2/138, मार्टिन पुरवा, हजरतगंज, थाना गौतम पल्ली, लखनऊ** मेरी चार संताने निम्नलिखित है मेरे दूसरे नम्बर की संतान आकाश दीप रावत व पुत्रवधू चाँदनी को उनके गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति तथा अपने समस्त सरोकार से बेदखल कर दिया गया है। उक्त पुत्र अपने किये गए कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**नीलामी सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी, विकास खण्ड शिवगढ़, जनपद रायबरेली में दिनांक 13 मार्च 2026 को प्रातः 10:30 बजे यूकेलिप्टस के 32 पेड़ों की नीलामी होनी है, इच्छुक व्यक्ति आकर बोली लगा सकते हैं।
**प्रधानाध्यापक**
**पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी,**
**विकास खण्ड शिवगढ़**
**जनपद–रायबरेली**

**सूचना**
मैं रजनीश कुमार बरनवाल पत्नी शिवांगी बरनवाल, अपनी पुत्री का नाम मेधावी (MEDHAVI) से मेधावी बरनवाल (MEDHAVI BARANWAL) रख रहा हूँ। अतः मेरी पुत्री का नाम भविष्य में मेधावी बरनवाल (MEDHAVI BARANWAL) से जाना व पहचाना जाए। D/O Rajneesh Kumar Baranwal R/O H-N- 175 G-N- Road Civil Line, Parkinsganj, Sultanpur City Thana – Kotwali Nagar Post – Sultanpur (U.P.) Pin – 228001

न्यूज ब्रीफ

### बालिका लापता मुकदमा दर्ज

**रुपईडीह, अमृत विचार :** पांच दिन पहले कौड़िया के एक गांव की लापता बालिका के बारे में उसके बाबा ने मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर क्राइम राधेश्याम यादव ने बताया कि इस घटना में बहराइच के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के धनघटा गांव निवासी शिवम पांडेय को नामजद किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की विवेचना दरोगा प्रमोद कुमार सिंह को सौंपी गई है।

### संपर्क मार्ग निर्माण की ग्रामीणों ने की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत शिवगढ़ के मुख्य गांव से मऊ शमशाबाद अचल नगर पक्की सड़क तक जाने वाले मार्ग का निर्माण आज तक नहीं कराया गया है। इससे क्षेत्रीय जनता को आवागमन के लिए दिक्कते उठानी पड़ रही है। इस संबंध में प्रधान रमेश कुमार वर्मा ने बताया कि सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया से की गई है।

### किसानों को वितरित किया गया कृषि ऋण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पिछले दो दिनों में इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर ने नौ किसानों को मिलाकर 15 लाख 50 हजार रुपए का ऋण वितरित किया। शाखा प्रबंधक विनोद कुमार यादव ने बताया कि मुख्य योजना के तहत प्राप्त अन्य पत्रावलियों की जांच ऋण अधिकारी विजया सोम कुंवर द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद उन किसानों को भी ऋण वितरित कर दिया जाएगा।

### युवक की बाइक चोरी मुकदमा दर्ज

**रुपईडीह, अमृत विचार :** एक सप्ताह पहले कौड़िया के सल्दी-बल्दी पुरवा रामपुर गांव निवासी हरीश तिवारी की चोरी हुई मोटरसाइकिल की रिपोर्ट पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज की है। इंस्पेक्टर क्राइम राधेश्याम यादव ने बताया कि वह एक सप्ताह पहले मिश्र कौड़िया गांव में प्रधान रिंकू मिश्र के यहां भागवत कथा सुनने गए हुआ था। वहीं पर उसकी मोटरसाइकिल कुछ लोगों द्वारा चोरी कर ली गई। उन्होंने बताया कि घटना की विवेचना दारोगा रविंद्र कुमार चौहान को सौंपी गई है।

# ज्ञान आवास व गोनार्द मार्ट को राज्यपाल ने सराहा

- राजभवन में आयोजित समारोह में सीडीओ को किया गया सम्मानित

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रारंभ की गयी ज्ञान आवास व गोनार्द मार्ट की पहल को लेकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जिले की मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की सराहना की है। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने मुख्य विकास अधिकारी को सम्मानित किया। इसके पहले सीडीओ अंकिता जैन ने जिले में संचालित महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आर्थिक उन्नयन को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया।


सम्मान समारोह में मौजूद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व सीडीओ अंकिता जैन। साथ में देवरिया की डीएम दिव्या मित्तल।

जिले में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें लखपति दीदी के रूप में विकसित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की पहल पर जिले के नौ विकास खंडों में नौ देवियों के नाम पर ज्ञान आवास की स्थापना की जा रही है। यह केंद्र महिलाओं के लिए जागरूकता, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता के केंद्र के रूप में विकसित किए जा रहे हैं, जहां उन्हें नवाचारों से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा जिले में 101 महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से गोनार्द स्वच्छता मार्ट की स्थापना कराई गई है। इन मार्ट के माध्यम से महिलाएं स्वच्छता से जुड़े उत्पादों की बिक्री कर अपनी आय बढ़ा सकेंगी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन स्वच्छता मार्ट की चाबियां संबंधित महिलाओं को सौंप दी गईं। अपनी इस पहल को सीडीओ ने राजभवन में प्रस्तुत किया तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे इन नवाचारों पर अपने अनुभव साझा किए।

समारोह में मौजूद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सीडीओ की प्रशंसा की और ज्ञान आवास व गोनार्द मार्ट की पहल को सराहा। राज्यपाल ने सीडीओ अंकिता जैन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

# घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर बढ़ रही है भीड़

## बुकिंग कराने के बाद भी कई दिनों तक घरों तक नहीं पहुंचाये जा रहे सिलेंडर

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के घरेलू गैस सिलेंडर के उपभोक्ता गैस एजेंसी पर दौड़ लगा रहे हैं। पहले की अपेक्षा गैस सिलेंडर का लोड कम हो गया है। कई एजेंसियों पर तो सिलेंडर ही नहीं पहुंच पाए। इससे गैस की किल्लत बढ़ने की आशंका प्रबल हो गई है।

बताया जा रहा है कि इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध तथा युद्ध की चपेट में आए खाड़ी देशों से गैस व क्रूड आयल का आयात ठप हो गया है या बहुत कम हो गया है। बताया जा रहा है कि देश में केवल 45 दिनों का ही संसाधन उपलब्ध है। ऐसे में गैस आपूर्ति पर असर दिखना शुरू हो गया है। कम आने की वजह से पहले की तुलना में गैस सिलेंडर मिलने में मुश्किल हो रही है। हालांकि अफसरों का दावा है कि घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है, किल्लत कहीं नहीं है, फिर भी कालाबाजारी तथा उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर मिले इसके लिए नजर रखी जा रही है।



**80** रसोई गैस एजेंसियां हैं पूरे जनपद में

**5.55** लाख उपभोक्ता हैं जिले भर में

शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस की कमी की चर्चा तेज हो गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग कराने के बाद भी कई-कई दिन तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो पा रही है। वहीं जिन लोगों के घरों में गैस खत्म हो गई है, वे सीधे गैस एजेंसी पर पहुंचकर सिलेंडर लेने का प्रयास कर रहे हैं। इसके कारण कई एजेंसियों पर भीड़ का माहौल देखने को मिल रहा है।

गैस एजेंसियों से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि आपूर्ति में कुछ दिनों से अनियमितता आई है, जिसके कारण वितरण प्रभावित हो रहा है। जैसे-जैसे सप्लाई आ रही है, उसी के अनुसार उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। हालांकि एजेंसियों का यह भी कहना है कि स्थिति जल्द सामान्य होने की उम्मीद है। उधर, उपभोक्ताओं का कहना है कि घरेलू गैस रसोई की सबसे जरूरी जरूरत है। समय पर सिलेंडर न मिलने से परिवारों को खाना बनाने में दिक्कत हो रही है और कई लोग मजबूरी में वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे जिले में कहीं भी गैस सिलेंडर की कोई समस्या नहीं है।

### घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर्याप्त

घरेलू गैस सिलेंडर के उपलब्धता जिले में है। कोई समस्या अभी नहीं है, नजर रखी जा रही है। कुछ एजेंसियों पर समस्या आई थी लेकिन उपभोक्ताओं को जिनकी बुकिंग थी, उनको सिलेंडर मिल रहा है।

–शिव प्रकाश तिवारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पेट्रोलियम अनुभाग प्रभारी।

जिले में करीब 80 गैस एजेंसियां हैं जिनके माध्यम से लगभग 5.55 लाख उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध करायी जा रही है। वहीं पेट्रोलियम कंपनियों के सदस्यों का कहना है कि होली त्योहार पर, जिस वाहन से गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाती थी ड्राइवर छुट्टी पर चले गए हैं जिसकी वजह से सिलेंडर आने में समस्या हो रही है। फिलहाल, आने वाले कुछ दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। पूर्ति विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि कुछ गैस कंपनी की एजेंसियों पर समस्या है लेकिन गैस की उपलब्धता बनी हुई है। एक एजेंसी पर गैस लेने आए रमेश, अनुज, श्याम पाल ने बताया कि एक सप्ताह पहले बुकिंग करने पर तत्काल घर पर गैस सिलेंडर पहुंच जाता था, लेकिन इस समय एजेंसी पर पहुंचने पर भी मिलने में समस्या आ रही है। बड़ी मुश्किल से गैस सिलेंडर मिल रहा है और कहा जा रहा है कि बुकिंग के 48 घंटे बाद ही गैस सिलेंडर मिल पाएगा।

### अपहरण कांड में वांछित गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र में हुए अपहरण मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

नवाबगंज पुलिस ने वांछित आरोपी आशुतोष पाण्डेय उर्फ झिन्नन निवासी ग्राम पहली को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बीती 3 मार्च को सुशीला यादव पत्नी अंकित कुमार यादव निवासी ग्राम पहली ने तहरीर देकर बताया था कि 2 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे एक काले रंग की थार गाड़ी से आए व्यक्ति ने उनके पति अंकित यादव को घर से बुलाया। इसके बाद उनके पति बाइक से कटरा तिराहा की ओर निकले, लेकिन अकबरपुर चौराहे के पास उक्त व्यक्ति और उसके चार साथियों ने थार में बैठाकर उनका अपहरण कर लिया। नवाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने अपहृत अंकित कुमार यादव को मसकनवा गौशाला तिराहा के पास से बरामद कर लिया। साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों को 6 मार्च को उमरिया पावर हाउस के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया था।इसी क्रम में सोमवार को नवाबगंज पुलिस ने मामले के वांछित आरोपी आशुतोष पाण्डेय उर्फ झिन्नन को गिरफ्तार कर लिया।

### जमीन हड़पने का आरोपी पकड़ा गया

**गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज पुलिस ने जालसाजी कर कृषि भूमि हड़पने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने वांछित राम नरेश उर्फ कुल्हू को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, मांझाराठ निवासी मुन्नालाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी दादी ननका की वर्ष 2013 में मौत हो गई थी, जिनके नाम तुलसीपुर और मांझाराठ में कृषि भूमि दर्ज थी। आरोप है कि वर्ष 2019 में रामनरेश ने खुद को वारिस बताकर नामांतरण वाद दाखिल कर दिया। जब वारिस होने का प्रमाण नहीं मिला तो उसने 2021 में एक महिला को मृतक ननका के रूप में पेश कर फर्जी वसीयतनामा तैयार करा लिया और दोबारा नामांतरण का प्रयास किया। जांच में दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर नामांतरण आदेश निरस्त कर दिया गया।

### पिता की फटकार से क्षुब्ध छात्र ने दी जान

**गोंडा, अमृत विचार :** देहात कोतवाली क्षेत्र के नरायनपुर मर्दन में एक 23 वर्षीय बीएससी एग्रीकल्चर छात्र ने कथित तौर पर पिता की डांट से नाराज होकर अपनी जान दे दी।


मोहित फाइल फोटो।

उसका शव सोमवार को निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर शटरिंग से लटकता मिला। शव की पहचान मोहित चतुर्वेदी के रूप में हुई है।
परिजनों ने बताया कि बल्ली गिरने की आवाज सुनकर वे ऊपर पहुंचे, जहां मोहित फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने तत्काल मोहित को नीचे उतारा और बिना पुलिस को सूचना दिए गोंडा मेडिकल कॉलेज ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नरायनपुर मर्दन गांव के रहने वाले अमरीश चतुर्वेदी खेती-किसानी का काम करते हैं। उनके तीन बेटे त्रिशूल धारी चतुर्वेदी, गदाधारी चतुर्वेदी व मोहित हैं। मोहित तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अभी पढाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि पढ़ाई को लेकर पिता द्वारा डांटे जाने से मोहित नाराज था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। इस घटना से परिजन गहरे सदमे में हैं। पिता अमरीश चतुर्वेदी ने बताया कि मोहित अपने महाविद्यालय में एक होनहार छात्र के रूप में जाना जाता था। उन्होंने मोहित को पढ़ाई को लेकर डांट लगाई थी लेकिन यह नहीं पता था कि मामूली सी बात को लेकर मोहित अपनी जान दे देगा। देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी को दबोचा

**गोंडा, अमृत विचार :** कर्नलगंज पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी पति को गिरफ्तार किया है।
पुलिस के अनुसार, बीती 6 मार्च को राजकुमारी पत्नी बुद्धराम निवासी टेपरा गद्दोपुरने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री की शादी करीब चार वर्ष पहले अवदान पुरवा मौजा कचनापुर निवासी बाबादीन कश्यप से हुई थी। शादी के दो वर्ष बाद से ही पति और उसके परिजन दहेज को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित करने लगे थे। आरोप है कि 6 मार्च को दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष ने उसकी बेटी की हत्या कर दी।तहरीर के आधार पर कर्नलगंज पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मुख्य आरोपी पति बाबादीन निवासी अवदान पुरवा को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया।

### भारतीय किसान यूनियन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

- समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग

**गोंडा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन देकर किसानों व ग्रामीणों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा।

ज्ञापन में कहा गया है कि मनकापुर के भाले सुल्तानपुरवा निवासी सावित्री देवी का प्रकरण कई महीनों से प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। संगठन ने कहा कि यदि आठ दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन तहसील मुख्यालय पर धरना देगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इसके अलावा करनपुर निवासी मानिकराम वर्मा की लगभग एक एकड़ जमीन पर चीनी मिल द्वारा कथित रूप से किए गए अतिक्रमण का मामला भी उठाया गया है। संगठन ने मांग की है कि पीड़ित को पिछले दस वर्षों का मुआवजा दिलाया जाए तथा चीनी मिल द्वारा गंदा पानी विसुही नदी में गिराने पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि सरकारी जमीनों पर कब्जा किए भू-माफियासे जमीन मुक्त कराई जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वंशराज वर्मा, राम बरन वर्मा, किसन बिहारी, दिवाकर मिश्र, राधेश्याम, धर्मपाल चौधरी सहित अन्य शामिल रहे।

आस्था

नगर के प्रमुख मंदिरों पर हुआ पूजन-अर्चन, हाथों में ध्वजा लेकर बड़ी संख्या में शामिल हुईं महिलाएं

# श्रीराम-जानकी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर निकली शोभायात्रा

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** नगर के गाड़ी बाजार स्थित नवनिर्मित जनकपुरी श्रीराम-जानकी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सुबह करीब 11 बजे श्री जनकपुरी मंदिर गाड़ी बाजार से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ।
शोभायात्रा हनुमानगढ़ी मंदिर गाड़ी बाजार, श्रीराधा कृष्ण मंदिर, राम-जानकी मंदिर, गुड़ाही होते हुए कसगरान चौराहा से मुड़कर कैलाश बाग रोड, मंगली माता मंदिर, श्री भैरवनाथ मंदिर, हलवाई मंदिर बालूगंज, माता भवानी मंदिर घंटाघर, काली माता मंदिर गांधीनगर, गुरुद्वारा, राधा कृष्ण मंदिर, सर्वामाईथान, माल गोदाम और ब्रह्मचारी स्थान शिवाला होते हुए पुनः जनकपुरी मंदिर गाड़ी बाजार पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लिए भक्ति गीतों पर नृत्य करती हुई चल रही थीं। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस दौरान प्रभु श्रीराम और माता जानकी की मनमोहक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा के मार्ग में नगर के व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वहीं जगह-जगह स्टॉल लगाकर शरबत, फल और अन्य प्रसाद का वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नगर चौकी प्रभारी शिवनाथ गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। आयोजन समिति ने सफल आयोजन के लिए सभी नगरवासियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमित सिंघानिया, अशोक सिंघानिया, अरुण वैश्य, अनोखेलाल मोदनवाल, पिंटू मिश्रा, मोहित पाण्डेय, कन्हैया लाल वर्मा, सोनू पुरवार, डॉ. रतन शुक्ल, कनक बिहारी दास, विशाल कौशल, आदर्श मिश्रा, विशाल गुप्त, अनिल गुप्त, सरदार पृथ्वी पाल सिंह, संतोष पाण्डेय, दिलखुश वैश्य, रितेश सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


करनैलगंज में जनकपुरी श्रीराम-जानकी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### हनुमानगढ़ी मंदिर पर होगा भंडारा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में बुढ़वा मंगल पर मंगलवार को 52वां वार्षिक भंडारा समारोह आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मंदिर समिति के प्रबंधक रामकुमार मौर्य ने बताया कि श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में होने वाला यह भंडारा कई वर्षों से आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष 52वें वार्षिक भंडारा समारोह को भव्य स्वरूप देने के लिए श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर समिति के सदस्यों ने व्यापक तैयारियां की हैं।
उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में आने वाले सभी भक्तों के लिए बजरंग बली के दर्शन और प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालु सुगमता से पूजा-अर्चना कर सकें।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाल किया जागरूक


ग्रामीणों को मतदान के बारे में जानकारी देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** महाकवि तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय परसपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर कम्पोजिट विद्यालय पूरे रामभरोसे पाण्डेय जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। शुभारम्भ कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा तिवारी व डॉ. अजीत सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मतदाता जागरूकता रैली ग्राम सभा चरौंहा के मजरा गड़रियन पुरवा तक निकाली गई, जिसमें खुशबू सिंह, महिमा मिश्रा, नैन्सी, अंजली व अर्पित मिश्रा सहित अन्य स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताते हुए जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। मुख्य वक्ता शिव गोपाल शुक्ल ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राकेश कुशवाहा, राजमन वर्मा, डॉ. दयाशंकर मिश्र व नरेन्द्र नाथ पाण्डेय उपस्थित रहे।

### बालिकाओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण


मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लेतीं बेटियां। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** खेल निदेशालय के निर्देश पर फिट इंडिया महिला सप्ताह के अंतर्गत खेलो इंडिया केंद्र पं. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया। इसमें 6 से 8 मार्च तक मजबूत महिलाएं, मजबूत राष्ट्र थीम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के पहले दिन हर बॉडी हर पावर थीम के अंतर्गत बालिकाओं के बीच हैंडबॉल मैच आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी शारीरिक क्षमता और टीम वर्क का शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे दिन रक्षा और लचीलापन विषय पर आत्मरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित कर बालिकाओं को विषम परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा के गुर सिखाए गए। तीसरे दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर व्हेन सी मूव्स इंडिया मूव्स थीम के तहत साइकिलिंग और एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं कराई गई। इसमें 100 व 200 मीटर दौड़ के साथ साइकिलिंग रैली का आयोजन हुआ। 100 मी में महक प्रथम, अस्मिता द्वितीय, जानवी तृतीय स्थान प्राप्त किये। 200 मी में मधु प्रथम, सौम्या द्वितीय, महक तृतीय स्थान प्राप्त किये। साइकलिंग में रोमी साहू, अंकिता, वंशिका, ममता, पलक, रंजना यादव आदि ने प्रतिभागिता के साथ बालिकाओं को जागरूक किया। आत्मरक्षा जागरूकता के लिए जिया सिंह, शैलजा, सिद्धि त्रिपाठी, नंदिनी मौर्या ने ताइक्वांडो की विभिन्न विधाओं व आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्र किया गया हैंड ओवर


कार्यकत्रियों को प्रदान की गयी नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र की चाबी।

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार :** रविवार को विकासखंड बभनजोत अंतर्गत ग्राम पंचायत बुक्कनपुर में बने आंगनबाड़ी केंद्र को महिला आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को हस्तांतरित कर दिया गया। इस मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान कन्हैया बक्श सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का काम पूरा करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी केंद्र सौंप दिया गया है। इस अवसर पर सीडीपीओ, ग्राम सचिव, वीरेंद्र बहादुर सिंह, मुकेश कुमार मिश्रा, विकास मिश्रा, सबीरुल हसन, लवकुश मिश्रा, कुर्बान अली राम बहादुर मिश्रा, विशाल सिंह, अंशु सिंह, विशाल मिश्रा, आदित्य सिंह, इमदाद हुसैन, आकाश मिश्रा, रवि मिश्रा, राघवेंद्र मिश्रा, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### सनातन संकल्प यात्रा का नवाबगंज में स्वागत


सनातन धर्म रक्षा महासंघ के कार्यकर्ताओं का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, (गोंडा, अमृत विचार :** सनातन धर्म रक्षा महासंघ की सनातन संकल्प यात्रा के दौरान क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन पदाधिकारियों ने सनातन धर्म के संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। लोलपुर फोरलेन हाईवे स्थित ड्रीम लैंड परिसर में सनातन धर्म रक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चक्रेश और राष्ट्रीय प्रवक्ता भार्गव मुनीश का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता भार्गव मुनीश महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की मजबूती का आधार उसके 16 संस्कार हैं। जब तक ये संस्कार समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक नहीं पहुंचेंगे, तब तक धर्म की वास्तविक शक्ति स्थापित नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए सबसे पहले हमें स्वयं संस्कारवान बनना होगा। इस दौरान प्रांत प्रचारक आचार्य शिव शंकर, अयोध्या मंडल प्रभारी ओंकार नाथ पांडे, मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष सन्नी सिंह, अयोध्या जिला अध्यक्ष रोहित सिंह, अयोध्या नगर अध्यक्ष गुड्डू सिंह तथा गोंडा नगर अध्यक्ष आचार्य रणजीत पांडे के नेतृत्व में ड्रीम लैंड अयोध्या में सनातन संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।

### केवीके गोपाल ग्राम में जागरूकता कार्यक्रम

**गोंडा, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दीनदयाल शोध संस्थान के लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र, गोपाल ग्राम में महिलाओं के सशक्तिकरण व जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सी. एम. त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य रेणु दुबे रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उद्यान अधिकारी रश्मि शर्मा व पुनीता मिश्रा मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व नानाजी देशमुख की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। डॉ. त्रिपाठी ने महिलाओं को कृषि, पोषण वाटिका, खाद्य प्रसंस्करण व स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने कृषि, उद्यानिकी, पोषण व कीट प्रबंधन से जुड़ी जानकारी दी। साथ ही महिलाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया।

### एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में गांव, कस्बों और सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं एवं छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपायों तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। टीमों ने उनकी व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवागमन के दौरान आने वाली परेशानियों पर चर्चा कर समाधान का भरोसा दिलाया। महिलाओं से फीडबैक फॉर्म भी भरवाए गए।

अमृत विचार

अयोध्या, मंगलवार, 10 मार्च 2026



# कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोह लिया दर्शकों का मन

- अग्रवाल सभा के होली मिलन समारोह में नई कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन




होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** अग्रवाल सभा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन श्री महाराजा अग्रसेन मंदिर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नयी कार्यकारिणी के गठन के लिए नामांकन प्रक्रिया से हुई जो चुनाव अधिकारी एवं सभा अध्यक्ष सौम्य अग्रवाल के सानिध्य में संपन्न हुई।

सायंकाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद अग्रवाल सभा की आम सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी दो वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी के निर्विरोध चयन की घोषणा की गई। सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण चुनाव कराने की आवश्यकता नहीं पड़ी। नई कार्यकारिणी में सौम्य अग्रवाल अध्यक्ष, देवीकांत अग्रवाल (भगवतीगंज) एवं अजय कुमार अग्रवाल को उपाध्यक्ष, विनोद कुमार बंसल को सचिव, मोहनलाल अग्रवाल एवं सुशील कुमार हमीरवासिया को निरीक्षक, सुरेंद्र अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, साकेत कुमार तुलस्यान को भवन अध्यक्ष, शरद अग्रवाल को भंडार अध्यक्ष तथा आलोक अग्रवाल को जनसंपर्क अधिकारी चुना गया। सदस्य के रूप में अशोक कुमार गुप्ता, निर्मल कुमार अग्रवाल, मनीष कुमार तुलस्यान, पवन अग्रवाल, अरुण केडिया, सुनील अग्रवाल और अभिषेक सिंघल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सायं 7 बजे से लखनऊ से आए सीटीसीएस फैमिली के कलाकारों ने होली गीतों और अन्य प्रस्तुतियों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मिमिक्री आर्टिस्ट विजय गुप्ता ने दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के समापन से पहले फूलों की होली खेली गई। कलाकारों को सर्टिफिकेट, मोमेंटो और गिफ्ट हैंपर देकर सम्मानित किया गया। सीटीसीएस के फाउंडर अध्यक्ष मनोज कुमार, ऑफिशियल फोटोग्राफर निखिल बालूजा तथा कोरियोग्राफर दिव्या शुक्ला को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## होली मिलन कार्यक्रम भाईचारे का प्रतीक : दद्दन



पैरा ओलंपिक खिलाड़ी हर्षवर्धन मनी दीक्षित को सम्मानित करते लोग।

**बलरामपुर अमृत विचार :** समय माता मंदिर प्रांगण स्थित निर्माणाधीन भगवान परशुराम मंदिर में अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति की ओर से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने आचार्य चाणक्य के चित्र पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर किया। दद्दन मिश्र ने कहा कि होली मिलन जैसे आयोजन सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन समाज को जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रहा है। अध्यक्षता पूर्व सांसद चन्द्रभाल मणि तिवारी ने की। इस दौरान पैरा ओलंपिक खिलाड़ी हर्षवर्धन मणि दीक्षित को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ तुलसीश दुबे, सेतुबंध त्रिपाठी, उमाशंकर त्रिपाठी, गोविंद त्रिपाठी, डॉ पम्मी शुक्ला, संजय मिश्र, सौरभ त्रिपाठी,कमलेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चोर गिरोह का पर्दाफाश, चोरी की छह बाइकों के साथ दो गिरफ्तार

### नंबर प्लेट बदलकर नेपाल में बेच देते थे, दोनों पर कई थानों में दर्ज हैं मुकदमे



चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार आरोपी व पुलिस टीम। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पचपेड़वा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की छह मोटरसाइकिल, 22 प्लास्टिक की कुर्सियां, एक गैस सिलेंडर और 4400 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मुस्ताक उर्फ भुरे पुत्र अब्दुल मजीद और मो. जुबेर उर्फ बादशाह पुत्र मोहम्मद मुस्तफा उर्फ नूर आलम निवासी ग्राम रजडेरवा थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान 8 मार्च को उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गैसड़ी से बढ़नी की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर सिद्धार्थनगर के ढेबरूआ थाना क्षेत्र के मलगहिया के पास दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बलरामपुर सहित आसपास के जिलों से बाइक चोरी कर उनकी नंबर प्लेट बदल देते थे और नेपाल में बेच देते थे। चोरी की बाइक का उपयोग कर वे स्कूल, पंचायत भवन और बंद मकानों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया है। कार्रवाई में सर्विलांस और स्वाट टीम की भी भूमिका रही।

# कपड़ा व्यापारी ने फंदा लगाकर दे दी जान

**अप्रिय कदम**

श्रीदत्तगंज, बलरामपुर



व्यापारी की फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के श्रीदत्तगंज कस्बे में सोमवार सुबह एक कपड़ा व्यापारी का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

जानकारी के अनुसार, कस्बा निवासी अशरफ अली (45) पुत्र साहेब अली कस्बे में ही कपड़ों की दुकान चलाते थे। बताया जा रहा है कि सोमवार तड़के रमजान के दौरान सहरी करने के बाद उन्होंने नमाज अदा की और घर के तीसरे कमरे में चले गए। कुछ देर बाद जब परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो उनका शव फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इस घटना की जानकारी पाकर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। मृतक अपने पीछे एक पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं।

इस संबंध में थाना प्रभारी श्रीदत्तगंज अविरल शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# छह निरीक्षकों और उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में पुलिस व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए छह निरीक्षक और उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। सभी अधिकारियों को नए तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी सूची के अनुसार उपनिरीक्षक सुधीर कुमार सिंह को मीडिया सेल से तुलसीपुर, संतोष कुमार मिश्रा को यूपी-112 से ललिया, राजकुमार सिंह को तुलसीपुर से मीडिया सेल तथा राकेश पाल को कोतवाली जरवा से यूपी-112 भेजा गया है। इसके अलावा अशोक कुमार सिंह को ललिया से अपराध शाखा तथा योगेश प्रताप सिंह को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से स्थानांतरित कर कोतवाली जरवा का थाना प्रभारी बनाया गया है।

नए पदस्थापन के बाद सभी अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी संभालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# हादसे में बाइक सवार दो घायल

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** तुलसीपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राज्यमार्ग-730 पर सोनपुर-रतनपुर मोड़ के पास बाइक और पिकअप की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी तुलसीपुर भेजा। पुरैना निवासी सोनू (20) पुत्र साबान और अनस (19) पुत्र मजहर हुसैन मोटरसाइकिल से गैसड़ी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रतनपुर मोड़ के पास मुड़ रही पिकअप पीछे से उनकी बाइक जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

# मंदिर के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास

**शिवगढ़ धाम**



निर्माण कार्य का शिलान्यास करते पूर्व विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** शिवगढ़ धाम मंदिर परिसर और तालाब किनारे सुरक्षा दीवार निर्माण तथा घाट के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' ने किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि शिवगढ़ धाम मंदिर क्षेत्र का एक प्राचीन और आस्था का केंद्र है, जहां सावन माह में दूर-दूर से श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंदिर परिसर और तालाब किनारे सुरक्षा दीवार और घाट का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग 30 लाख रुपये की लागत से यह कार्य कराया जाएगा, जिससे मंदिर परिसर का सौंदर्य भी बढ़ेगा और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा, अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी और नगर पंचायत गैसड़ी के अध्यक्ष प्रिंस वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की सरोजनी नायडू एवं कल्पना चावला इकाई के तत्वावधान में सोमवार को प्राथमिक विद्यालय बिजलीपुर में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देश पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार शुक्ल और डॉ. अनामिका सिंह के संयोजकत्व में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव कर्नल (सेवानिवृत्त) संजीव कुमार वारसनेय रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रो. जे.पी. पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह, प्रो. विमल प्रकाश वर्मा, डॉ. दिनेश कुमार मौर्य, डॉ. आलोक शुक्ल, नीरज सिंह और मीरा चौहान मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण, सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार शुक्ल ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि सात दिनों तक दो सत्रों में विभिन्न सामाजिक गतिविधियां आयोजित होंगी। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की।

मुख्य अतिथि कर्नल वारसनेय ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि प्राचार्य प्रो. पाण्डेय ने सेवा भाव को जीवन का मूल तत्व बताया। अंत में डॉ. अनामिका सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# अभद्र टिप्पणी के विरोध में मौलाना का पुतला फूंका

पचपेड़वा बलरामपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी पर कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में सोमवार को पचपेड़वा मुख्य चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौलाना अब्दुल्ला सलीम का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान नारेबाजी करते हुए आरोपित के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की गई।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा, अमित जायसवाल, राजेंद्र ओझा, रामविलास विश्वकर्मा, अंजनी गुप्ता, विजयपाल प्रजापति, संतोष मोदनवाल, राकेश सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में चार सत्रों में किया गया मार्गदर्शन

# भाजपा के प्रशिक्षण महाअभियान में कार्यकर्ताओं को मिला सेवा का मंत्र

करनैलगंज, गोंडा




विवेकानंद विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण महाअभियान में उपस्थित विधायक व कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** नगर के विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के मंडल करनैलगंज नगर व ग्रामीण की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 संपन्न हुआ।

चार महत्वपूर्ण सत्रों में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जिले व प्रदेश के वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा व वैचारिक चेतना का संचार किया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रथम सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष पीयूष मिश्र ने बूथ प्रबंधन और मन की बात विषय पर कार्यकर्ताओं को संगठन की सबसे छोटी इकाई बूथ को मजबूत बनाने के गुर बताए। द्वितीय सत्र में विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री कीर्ति वर्धन तथा विधायक अजय सिंह ने भाजपा का इतिहास विषय पर पार्टी के संघर्ष और विकास की यात्रा से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

तृतीय सत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुष्कर मिश्र ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन विषय पर प्रकाश डालते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। समापन सत्र में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेश तिवारी ने कार्य विस्तार विषय पर कार्यकर्ताओं को आगामी संगठनात्मक लक्ष्यों के लिए मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली शक्ति हैं और प्रशिक्षण से उन्हें वैचारिक रूप से और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। इस दौरान जिला महामंत्री अर्जुन तिवारी, राघवेंद्र ओझा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामजी मोदनवाल, मंडल अध्यक्ष आशीष गिरी, माधव राज तिवारी, देवेंद्र दीक्षित, विवेक सिंह, मदन मोहन भारती, मुकेश वैश्य, श्रमेश्वर पाठक, संजय यज्ञसेनी, श्याम किशोर मिश्र, वृहस्पति दुबे, दिनेश दुबे, रंजीत सिंह, नागेश्वर सिंह, हितेश सिंह सहित मंडल के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खुलवाया जाएगा रास्ता : एसडीएम

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तहसील में आयोजित जनता दरबार में मंगुरा बाजार की कई महिलाओं ने घर जाने वाले रास्ते को बंद किए जाने की शिकायत एसडीएम नेहा मिश्रा से की। एसडीएम ने मामला गंभीरता से लेते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त गली करीब 30 वर्षों से सार्वजनिक रास्ते के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने कहा कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए रास्ता खुलवाया जाएगा। इस दौरान राजस्व निरीक्षक करुणेश कुमार, लेखपाल विजय कुमार, चौकी प्रभारी सुमित सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## छात्रों को मिला हर्बल क्रीम बनाने का प्रशिक्षण




हर्बल क्रीम बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से आईक्यूएसी सॉफ्ट स्किल प्रोग्राम के अंतर्गत हर्बल क्रीम बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.पी. पाण्डेय व आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. एस.पी. मिश्र के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को हर्बल क्रीम तैयार करने की विधि की जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष प्रो. मोहिउद्दीन अंसारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को रसायनों से मुक्त, प्राकृतिक और सुरक्षित स्किनकेयर उत्पाद बनाना सिखाना है। इससे लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। सॉफ्ट स्किल प्रोग्राम के समन्वयक व प्रशिक्षक डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि हर्बल उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। इस अवसर पर डॉ. बसंत कुमार, डॉ. साक्षी शर्मा सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पुलिया निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप



बघेलखंड बंधे के पास पेरा नाला पर निर्माणाधीन पुलिया। ● अमृत विचार

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** विकास खंड गैसड़ी के ग्राम बनगाई के मजरा तेलियन पुरवा स्थित बघेलखंड बंदे के पास पेरा नाला पर बन रही पुलिया के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीण सुकई, रामकुमार, तारा, रफीक, सफीक और रहमान ने बताया कि पुल निर्माण की शुरुआत से ही उन्होंने घटिया सामग्री के उपयोग का विरोध किया था, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी है। उनका आरोप है कि पुल निर्माण में पीली ईंट और अन्य निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह निर्माण होता रहा तो पुलिया भी सुल्तानगंज पुल की तरह बार-बार क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराते हुए संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## मानदेय न मिलने से मनरेगा कर्मियों में आक्रोश



बीडीओ को मांगों का ज्ञापन सौंपते मनरेगा कर्मी। ● अमृत विचार

पचपेड़वा बलरामपुर अमृत विचार। विकासखंड पचपेड़वा के मनरेगा कर्मियों ने लंबे समय से लंबित मानदेय और ईपीएफ भुगतान न होने से नाराज होकर खंड विकास अधिकारी मोहित दुबे को ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने कहा कि जुलाई 2025 से अब तक उन्हें मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। दीपावली के बाद होली जैसे बड़े त्योहार पर भी वेतन न मिलने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वे आंदोलन तेज करेंगे। इसके तहत 3 मार्च को काली पट्टी बांधकर विरोध किया गया और आगे सांसद, विधायक व मंत्रियों को भी ज्ञापन दिया जाएगा। 16 मार्च को मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में भी अपनी समस्या रखने की योजना है। इस मौके पर रोजगार सेवक अतुल कुमार, नूर आलम, रामकिशुन मौर्य, अनवारुल हसन, जग प्रसाद यादव, उधव प्रसाद, अनिल कुमार, चंद्रशेखर, नंदकिशोर, गीता राम, आरती यादव, मोहन यादव, धर्मेंद्र, सुरेंद्र, बिंदेश्वरी भारती समेत दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



ग्रामीण को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** सरयू डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन सोमवार को स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एनएसएस की विभिन्न टोलियों ने गांव में जाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। स्वयं सेवकों ने रैली निकालकर व स्लोगनों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य व पोषण के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर किरण, रोहित, रोशनी, तान्या, साक्षी, आरती व अंजलि ने आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता तथा पोषण अपनाओ, रोग दूर भगाओ जैसे स्लोगन देकर लोगों को जागरूक किया। शिविर के तीसरे दिन आयोजित बौद्धिक सत्र में स्वास्थ्य में शिक्षा की भूमिका विषय पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण व संतुलित जीवन शैली के प्रति जागरूक बनाती है। इससे समाज में बीमारियों की रोकथाम संभव हो पाती है और स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। बौद्धिक सत्र में प्राध्यापक डॉ. शैलेंद्र बहादुर सिंह, मार्शल स्टालिन व डॉ. त्रिपुरारी दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने स्वास्थ्य व शिक्षा के आपसी संबंध पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ तिवारी ने किया। वहीं पवन मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अगले दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान विमल मिश्रा, कोमल, अर्चना, सृष्टि, निधि, निखिल शर्मा, वंदना सहित अनेक स्वयंसेवक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आत्महत्या को उकसाने पर पति को 7 साल कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उकसाने पर पत्नी के आत्महत्या करने के प्रकरण में जिला न्यायाधीश कोर्ट ने पति को सात साल सश्रम कारावास के साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई है। थाना असंद्रा के ग्राम भेड़िया में आत्महत्या के लिए उकसाने के सम्बन्ध में पंजीकृत भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त पति शिवराम पुत्र बिन्द्रा निवासी भेड़िया थाना असंद्रा को धारा 306 में न्यायालय जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा दोषसिद्ध करार दिया गया। कोर्ट ने पति शिवराम को 7 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित अवस्थी ने बताया कि यह घटना 15 सितंबर 2023 की है। वादी लल्लू पुत्र रामसुमिरन निवासी धनौली थाना असंद्रा ने अपने बहनोई शिवराम पुत्र बिन्द्रा निवासी भेड़िया के विरुद्ध पुलिस से शिकायत की कि पति ने उसकी बहन व अपनी पत्नी को वाद विवाद के बाद आत्महत्या के लिए उकसाया। जिससे आहत होकर बहन ने आत्महत्या कर ली। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को पकड़ा और जेल भेज दिया।

